**रोहतक**

**बुधवार, 5 नवंबर, 2025**

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 276

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 32.8

न्यून. 12.7

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,459.15 | 519.34 ▼ |
| निफ्टी | 25,597.65 | 165.70 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **नीचे/ऊपर** |
| सोना | 1,24,100/- | 1200/- ▼ |
| चांदी | 1,51,500/- | 2500/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 88.66 | 11 पैसे ▲ |

कूड ऑयल 64.00 बैरल 1.37% ▼

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## खबर संक्षेप



### गुरु पर्व आज

**अमृतसर।** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की जयंती की पूर्व संध्या पर स्वर्ण मंदिर में मंगलवार को आयोजित 'नगर कीर्तन' में भाग लेते बच्चे।

### फ्लाइट का इमरजेंसी डोर खोलने की कोशिश

**वाराणसी(एजेंसी)।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्री ने फ्लाइट का इमरजेंसी डोर खोलने की कोशिश की। मुंबई के लिए टेकऑफ से पहले एप्रन से रनवे की ओर जा रहे विमान में यात्री की हरकत देखकर अफरा-तफरी मच गई। क्रू मेंबर्स ने तुरंत ही पायलट को जानकारी दी, फिर एटीसी से संपर्क किया गया। विमान को वापस एप्रन पर लाया गया। आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी युवक जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर का रहने वाला है।

### भारत की 7 यूनिवर्सिटी ने बनाई टॉप 100 में जगह

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 की सूची में भारत से आईआईटी दिल्ली को टॉप पोजिशन ही मिली है। इस साल कुल 294 भारतीय संस्थान इस रैंकिंग में शामिल हुए हैं, जिनमें 7 विश्वविद्यालय टॉप 100 में शामिल हैं, जबकि टॉप 200 में 20 संस्थान शामिल हैं। हालांकि आईआईटी संस्थानों के प्रदर्शन में गिरावट आई है।



### सुको पॉक्सो मामलों के दुरुपयोग पर चिंतित

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो कानून) का गलत इस्तेमाल बढ़ रहा है। अदालत ने देखा कि इस कानून का उपयोग कई बार पति-पत्नी के झगड़ों या किशोर-किशोरी के आपसी सहमति वाले संबंधों में किया जा रहा है, जो कानून की असली भावना के खिलाफ है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### एनएचआई याचिका पर खुली अदालत में होगी सुनाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** एक अहम घटनाक्रम के तहत उच्चतम न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की उस याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई करने पर सहमति जताई है जिसमें उसके एक फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया है। इस फैसले में कहा गया है कि एनएचएआई अधिनियम के तहत जिन किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई है उन्हें ब्याज सहित मुआवजा देने का शीर्ष अदालत का 2019 का निर्णय पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू होगा।

---

**पत्नी ने बताया था जान का खतरा इसलिए जेल बदली**

# आईपीएस पूरन का गनमैन सुशील अंबाला जेल शिफ्ट

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा के सीनियर आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार सुसाइड केस में अहम गवाह रहे गनमैन सुशील कुमार को सुरक्षा कारणों के चलते रोहतक जेल से अंबाला जेल शिफ्ट कर दिया गया है। आईजी जेल आलोक राय ने बताया कि सुशील कुमार की पत्नी सोनी देवी ने हाल ही में हरियाणा सरकार को एक पत्र भेजकर आरोप लगाया था कि उनके पति को रोहतक जेल में जान का खतरा है और जेल में उनके साथ यातना दी जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उनकी जेल बदलने का निर्णय लिया।

**पूरन कुमार सुसाइड केस में अहम गवाह सुशील कुमार**

**सुरक्षा कारणों से किया गया तबादला एएसआई संदीप सुसाइड केस की अहम कड़ी**



गनमैन सुशील कुमार आईपीएस वाई पूरन कुमार और रोहतक साइबर सेल के एएसआई संदीप लाठर सुसाइड केस की एक अहम कड़ी माने जा रहे हैं। संदीप लाठर ने 14 अक्टूबर को खेत में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। रोहतक पुलिस ने 6 अक्टूबर को करप्शन केस में सुशील को गिरफ्तार किया था। अगले दिन यानी 7 अक्टूबर को आईपीएस पूरन ने चंडीगढ़ में सुसाइड कर लिया था।

**प्रशासन ने सुशील की सुरक्षा बढ़ा दी**

उन्होंने जिस रिवॉल्वर से सुसाइड किया, वह सुशील कुमार की सर्विस रिवॉल्वर थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुशील कुमार की गिरफ्तारी में शामिल टीम में एएसआई संदीप लाठर भी मौजूद थे। अब जेल शिफ्टिंग के बाद प्रशासन ने सुशील की सुरक्षा बढ़ा दी है और इस पूरे मामले की जांच अभी जारी है।

---

**जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

# बंदी ने जेल से जारी किया वीडियो, हो गया वायरल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** डीजीपी ओपी सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर जेल में बंद आरोपित का वीडियो वायरल होने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने ट्विीट में साफ कर दिया है कि राज्य में ऐसी गतिविधियों के लिए जगह नहीं है। उन्होंने जेल अधीक्षक, एसपी और डीजी जेल से बात की है। उन्होंने कहाकि सोशल मीडिया पर ड्रामा और दिखावा हुआ, तो जिम्मेदार कर्मियों पर कार्रवाई होगी। उन्हें व्हाटस एप मेसेज मिला। वीडियो में जेल में बंद जेल में सड़ रहे चिरकुट का था। सफेद कपड़े में हथकड़ी लगाए हरियाणा दिवस पर उन्हीं लोगों को बधाई संदेश दे रहा था जिसको लूटने-कूटने-मारने के जुर्म में काल कोठरी में पड़ा हुआ है।

**डीजीपी ने डीजी जेल और एसपी से मांगा जवाब**

**जेल की कमान सितंबर में रिटायर हो चुके और 90 दिनों के लिए रखे गए आलोक राय के हाथों में**

मेरी बात डीजी जेल और जिले के एसपी से हुई साथ ही साफ कर दिया कि इस तरह की घटनाओं पर गंभीरता के साथ में एक्शन लें। पता चला कि इस जेलबंद ने पांच हजार महीने पर एक माइक्रो-इन्फ्लुएंसर रखा हुआ है। वो सालो अवसर के हिसाब से इसकी मॉर्फ्ड वीडियो पोस्ट करता है। मुख्यधारा में एडजस्ट नहीं हो पा रहे लड़कों का लगता है इसकी बड़ी शान है। असल के जेल में एड़ियां रगड़ रहा है।

**एसपी और डीजी को कहा इसकी दुकान बंद कर दो**

डीजीपी बोले, मैंने एसपी और डीजी को साफ कर दिया है कि इसकी दुकान बंद करो। इस माइक्रो-इन्फ्लुएंसर्स को कहो कि अब वो सही पिक्चर दिखाए - गीदड़ की तरह इधर-उधर भागते, एक दिन कुत्ते की मौत मर जाते कायर जो सोशल मीडिया पर झूठी पोस्ट डाल बेवकूफ लड़कों और बड़ा बेवकूफ बनाते हैं। हम इस काम के लिए इसे मेहनताना भी देंगे। मैंने सारे एसपी, डीसीपी और सीपी को ऐसा ही करने बोला है। लोगों को सच जानने का अधिकार है। डीजी जेल आलोक राय को राज्य की नायब सैनी सरकार ने सितंबर में रिटायर होने के बाद में 90 दिनों के लिए पुनः रोजगार (रीइंप्लायमेंट) पर रखा है।

---

**9 राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर शुरू : घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ**

# बंगाल समेत 12 राज्यों में 51 करोड़ वोटर्स की सत्यतया जांचेगा आयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। चुनाव आयोग की इस कवायद में नौ राज्य और तीन केंद्रशासित प्रदेश शामिल हैं। यह प्रक्रिया 4 दिसंबर तक चलेगी, जबकि 9 दिसंबर को मसौदा सूची जारी की जाएगी और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी, 2026 को प्रकाशित होगी। बिहार के बाद यह एसआईआर का दूसरा चरण है। इस बार उप्र, मप्र, बंगाल, तमिलनाडु, केरल, छत्तीसगढ़, गोवा, राजस्थान, गुजरात, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप और पुडुचेरी जैसे राज्य इसमें शामिल हैं। इन सभी राज्यों में करीब 51 करोड़ मतदाता हैं। इनमें से चार राज्य तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में अगले साल चुनाव हैं। बाकी राज्यों में भी दो से तीन वर्षों में चुनाव होंगे। बंगाल में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कथित चिंताओं के बीच मंगलवार को आत्महत्या के दो और मामले सामने आए हैं जिसके बाद राज्य में राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। हावड़ा और मुर्शिदाबाद जिलों में दोनों कथित घटनाएं सामने आईं। पहले दिन शाम पांच बजे तक 18 लाख से अधिक वोटरों को गणना फार्म सौंपे गए।

▶▶ इस अभियान में तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के लगभग 51 करोड़ वोटर शामिल होंगे।

**चुनाव आयोग ने कहा, 31 जनवरी तक सभी वेरिफिकेशन पूरी हो जाएंगी**

**पहले दिन शाम पांच बजे तक 18 लाख से अधिक वोटरों को गणना फार्म सौंपे गए**

4 दिसंबर तक चलेगा अभियान, 9 दिसंबर को निर्वाचक ड्राफ्ट जारी होगा, सूची अपडेट होगी



**असम को पुनरीक्षण से बाहर रखा गया**

असम को इससे फिलहाल बाहर रखा गया है, क्योंकि राज्य में नागरिकता सत्यापन की प्रक्रिया सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में चल रही है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि नागरिकता कानून के विशेष प्रावधानों के कारण असम में मतदाता सूची पुनरीक्षण की अलग घोषणा की जाएगी। उधर देशभर में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण को लेकर जहां चुनाव आयोग इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता से जोड़ रहा है, वहीं पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में राजनीतिक विवाद बनाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने विरोध मार्च निकाला और तमिलनाडु ने सुप्रीमकोर्ट का रुख किया है।

**सही जानकारी दें**

चुनाव आयोग ने लोगों से अनुरोध है कि बीएलओ को सही जानकारी दें। बीएलओ द्वारा दिए गए दो गणना प्रपत्रों में से प्रति अपने पास रखें। जिनके या उनके माता-पिता/दादा-दादी का नाम 2002 की मतदाता सूची में शामिल है, उन्हें अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। सभी को पासपोर्ट साइज फोटो तैयार रखें। मतदाता मतदान केंद्र के बीएलओ के पास गणना प्रपत्र भर सकते हैं। वे ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड कर या 'वोटर्सडॉटईसीआईडॉटजीओव्हीडॉटइन' पर जाकर ऑनलाइन गणना प्रपत्र भर सकते हैं। टोल-फ्री नंबर 1950 पर भी सहायता ले सकते हैं।

**बंगाल व तमिलनाडु में एसआईआर का विरोध**

पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि यदि मतदाता सूचियों से एक भी पात्र मतदाता को हटाया गया तो केंद्र में भाजपा नीत सरकार का गिर जाना तय है। उन्होंने भाजपा-ईसी पर 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को डराने-धमकाने के लिए एसआईआर को राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया।



**तमिलनाडु में द्रमुक सुप्रीम कोर्ट पहुंची**

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके ने इस प्रक्रिया को असंवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दायर याचिका में आयोग की 27 अक्तूबर की अधिसूचना को अनुच्छेद 14, 19 और 21 का उल्लंघन बताया गया है।

---



**जांच कमेटी गठित, मुआवजे का ऐलान**

# मालगाड़ी से भिड़ी पैसेंजर ट्रेन आठ लोगों की मौत, कई घायल

**लोको पायलट ने इग्नोर किया था रेड सिग्नल**

**कई ट्रेनें रद्द, कइयों का मार्ग बदला, यात्री परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेलवे स्टेशन के करीब एक लोकल यात्री ट्रेन के मंगलवार को एक मालगाड़ी से टकरा जाने से आठ लोगों की मृत्यु हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। रेलवे और स्थानीय रेस्क्यू टीम राहत कार्य में जुटी है। ट्रेन परिचालन ठप, कुछ को डायवर्ट या रद किया गया है। हादसे की जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित की गई है। बिलासपुर जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि एक लोकल यात्री ट्रेन कोरबा जिले के गेवरा स्टेशन से बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी। अग्रवाल ने बताया कि जब ट्रेन मंगलवार शाम लगभग चार बजे गतौरा और बिलासपुर रेलवे स्टेशन के मध्य में थी तभी लोकल यात्री ट्रेन ने मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख और गंभीर रूप से घायल यात्री को 5-5 लाख देने की घोषणा की है। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार मृतकों के परिजनों को 5 लाख और घायलों को 50 हजार मुआवजा देगी।

---

**बिहार विधानसभा चुनाव**

## पहले चरण का प्रचार थमा, मतदान कल

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** बिहार में पहले चरण की सीटों पर चुनाव प्रचार मंगलवार शाम 5 बजे थम गया। पहले चरण में 6 नवंबर को 18 जिलों की 121 सीटों पर वोटिंग होगी। आयोग ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह पर मंगलवार को पटना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। दरअसल, ललन सिंह ने सोमवार को जदयू प्रत्याशी और बाहुबली नेता अनंत सिंह के लिए प्रचार किया था। उनका वीडियो वायरल हुआ। इसमें उन्हें कहते सुना गया- यहां कुछ नेता है, जिनको चुनाव के दिन निकलने मत दीजिएगा।

■ केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पर एफआईआर दर्ज

---

**होटल के कमरे में फंदे पर लटकी**

## रेवाड़ी में बीएससी की छात्रा ने की आत्महत्या

**रेवाड़ी ( हरिभूमि न्यूज)।** राजस्थान के झुनझुनु की रहने वाली डीयू की बीएससी फाइनल की छात्रा ने सोमवार रात होटल में आत्महत्या कर ली। शव पंखे से लटका मिला। कमरे से सुसाइड नोट मिला है। निकिता नाम की युवती ने सोमवार दोपहर बाद होटल में दिन के लिए कमरा लिया था। उसे मंगलवार सुबह खाली करना था। सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं आई, तो स्टाफ ने कमरे के अंदर लगे फोन पर फोन किया। युवती ने फोन अटैंड नहीं किया, तो होटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी।

■ दिल्ली से पढ़ाई की रही थी छात्रा सुसाइड नोट मिला

---

## विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट टीम दिल्ली पहुंची, पीएम मोदी से आज मुलाकात



**होटल ताज में बरसाए फूल**

**नई दिल्ली (भाषा)।** हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने मंगलवार की शाम दिल्ली पहुंची। पीएम बुधवार शाम को बेटियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित करेंगे। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार विश्व कप जीता। ताज पैलेस होटल पहुंचने पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गई। इस दौरान केक काटकर खुशी मनाई। खिलाड़ी ढोल की थाप पर थिरकती दिखाई दी।

---

**तोशाम में हादसा...**

## सिचाई मंत्री श्रुति चौधरी की कार का एक्सीडेंट

**भिवानी ( हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी की गाड़ी का मंगलवार को एक्सीडेंट हो गया। वह भिवानी जिले में तोशाम एरिया के गांवों के दौरे पर थीं। लोहानी से देवराला के बीच उनकी सरकारी फॉर्च्यूनर गाड़ी को उन्हीं के काफिले में शामिल पुलिस एस्कॉर्ट ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वे बाल-बाल बच गईं। टक्कर से पुलिस की गाड़ी का बोनट क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा टीम मौके पर पहुंच गई। अब हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

■ काफिले में शामिल पुलिस की गाड़ी ने टक्कर मारी

---

**गोपीचंद की कुल संपत्ति 37.2 अरब पाउंड**

# हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद का 85 साल की उम्र में लंदन में निधन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद परमानंद हिंदुजा का लंदन के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। व्यापारिक जगत में जीपी के नाम से मशहूर गोपीचंद पी. हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से बीमार थे। हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी से ताल्लुक रखने वाले गोपीचंद ने मई 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद के निधन के बाद अध्यक्ष का पद संभाला था। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, पुत्र संजय और धीरज और पुत्री रीता हैं। आजादी के पहले अपना कारोबारी सफर शुरू करने वाले हिंदुजा परिवार में जन्मे गोपीचंद हिंदुजा 1959 में मुंबई में अपने पारिवारिक उद्यम में शामिल हुए। बीते कई दशकों में उन्होंने हिंदुजा समूह को एक पारंपरिक व्यापारिक संचालन से बैंकिंग, वित्त, ऊर्जा, मोटर वाहन, मीडिया और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक वैश्विक औद्योगिक महाशक्ति बनाने में मदद की। उनके नेतृत्व में समूह ने अपने कुछ सबसे महत्वपूर्ण अधिग्रहण किए।



गोपीचंद परमानंद हिंदुजा

**गोपीचंद के नेतृत्व में समूह ने अपने कुछ सबसे महत्वपूर्ण अधिग्रहण किए, इनमें से एक अशोक लीलैंड भी रहा।**

---


**बैटिंग एप्स पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र सरकार से मांगा जवाब, ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ एप्स को बंद किया जाए**

*'ऑनलाइन गेमिंग' कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई*

# ई-स्पोर्ट्स के नाम पर ऑनलाइन सट्टा और जुआ चलाने वालों पर एक्शन ले सरकार

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा है। अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि हम चाहते हैं कि केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल जवाब की कॉपी याचिकाकर्ताओं के वकीलों को पहले से दे दें। ताकि वे भी जल्द जवाब दाखिल करें। बेंच ने एक शतरंज खिलाड़ी की याचिका पर भी सुनवाई की। सरकार को निर्देश दिया कि ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में ऑनलाइन जुआ-सट्टेबाजी चलाने वाले प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करें। सभी याचिकाकर्ताओं की मांग है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म को बैन किया जाए।



**अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी**

**दिल्ली, कर्नाटक और मप्र हाईकोर्ट में चुनौती दी थी**

**एक माह से गेम बंद**

वरिष्ठ अधिवक्ता सी ए सुंदरम ने पीठ को बताया कि ऑनलाइन गेमिंग एक महीने से अधिक समय से बंद है। एक वकील ने पीठ को बताया कि इस मामले में एक नयी रिट याचिका दायर की गई है, लेकिन उसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया। वकील ने कहा कि मैं (याचिकाकर्ता) एक शतरंज खिलाड़ी हूं और यह मेरी आजीविका का साधन है। मैं एक ऐप भी लॉन्च करने वाला था।"

**महादेव एप का को-फाउंडर दुबई से फुर्र**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** महादेव ऑनलाइन बुक ऐप के सह-संस्थापक रवि उप्पल दुबई से रफूचक्कर हो गया है। कहाँ फुर्र हो गया, उसे ढूँढ रही सीबीआई और ईडी सहित अन्य एजेंसियों को भी नहीं पता। आरोप है कि रवि उप्पल अपने साथी सौरभ चंद्राकर के साथ मिलकर छह हजारों करोड़ रुपये के अवैध सट्टेबाजी साम्राज्य का निर्माण किया था।

## खबर संक्षेप

### लिंगानुपात 905 से बढ़कर 913 पहुंचा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने स्पेशल टास्क फ़ोर्स के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गर्भपात के मामलों में रिवर्स-ट्रैकिंग को ज्यादा प्रभावी बनाएं ताकि अवैध गर्भपात करने वाले दोषियों के ख़िलाफ़ सख्त कार्रवाई की जा सके। उन्होंने 31 अक्तूबर 2025 तक लिंगानुपात 905 से बढ़कर 913 होने पर संतोष जाहिर करते हुए इसमें और अधिक बढ़ोतरी के लिए प्रोत्साहित किया।

### जेजेपी संगठन में विस्तार 32 पदाधिकारी घोषित

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए राष्ट्रीय, प्रदेश और हलका स्तर पर कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श करके 32 पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मास्टर तारा चंद को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

### ऑनलाइन रजिस्ट्री के नाम पर लूट रही भाजपा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि आज भाजपा सरकार प्रदेश में नई नीतियां लागू करके प्रदेश के लोगों को लाभान्वित करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लाडो लक्ष्मी योजना और ऑनलाइन रजिस्ट्री का झूठा गुणगान करने में लगी हुई है, जबकि सच्चाई ये है कि इन दोनों योजनाओं के जरिए सरकार जनता के साथ धोखा कर रही है।

### ऑनलाइन रजिस्ट्रीः 109 आवेदन हुए स्वीकृत

**चंडीगढ।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और भ्रष्टाचार रहित बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली का शुभारंभ किया है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत नागरिक अब अपनी संपत्ति संबंधी रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं पेपरलेस रूप में सम्पन्न होगी। पहले दिन प्राप्त आवेदनों में से 109 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जो इस नई पहल की सफलता का प्रमाण हैं।

### श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस का निमंत्रण दिया

**चंडीगढ़।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुरुक्षेत्र में होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर गठित निमंत्रण समिति के सदस्य एवं हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी आज पटना साहिब गुरुद्वारे पहुंचे। इस अवसर पर कृष्ण बेदी ने श्री पटना साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका और वहां के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह जी से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुरुक्षेत्र आगमन के अवसर पर आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण जत्थेदार को सौंपा।

### गृह सचिव ने बोगस आई डी बनाने की शिकायत पर कार्रवाई के लिए कहा

**चंडीगढ़।** हरियाणा की गृह सचिव सुमिता मिश्रा ने उनकी बोगस फेस बुक आई डी बनाने की शिकायत साइबर पुलिस, पंचकूला को कानूनी कार्रवाई के लिए दी है। मिश्रा ने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए अपनी आई डी व बोगस आई डी दोनों को सार्वजनिक रूप से पोस्ट करते हुए लोगों को जागरूक भी किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। फेसबुक पर पल्वी अग्रवाल नाम के किसी ने मेरे नाम का इस्तेमाल किया है।

---

**कड़ी कार्रवाई के आदेश : स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने निरीक्षण के लिए 8 टीमें गठित की**

# बख्शे नहीं जाएंगे प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले केमिस्ट

**67 मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया, 16 दुकानें सील**

*अभियान के दौरान 67 मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार 16 दुकानें रिकॉर्ड प्रस्तुत न करने और अन्य उल्लंघन पाए जाने पर सील की गई। 15 सैंपल लिए गए। गड़बड़ी पर दुकानों को शो कॉज नोटिस जारी किए जाएंगे।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि अवैध नशीली दवाओं की बिक्री से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे कोई भी केमिस्ट या मेडिकल स्टोर मालिक जो प्रतिबंधित या नशीली दवाओं की बिक्री करते पाए जाएंगे, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिए हैं। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत और खाद्य एवं औषधि प्रशासन हरियाणा के आयुक्त मनोज कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों पर आगे कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि जिला सिरसा में अवैध नशीली दवाओं की बिक्री रोकने के लिए बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में 35 सीनियर ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर्स (सीडीसीओएस) और विभिन्न जोनों एवं जिलों से आए ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर्स (सीडीसीओएस) ने भाग लिया। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए 8 विशेष टीमें गठित की गई, जिन्हें उन केमिस्ट दुकानों पर अचानक निरीक्षण करने का कार्य सौंपा गया जहां पर साइकोट्रोपिक दोहरे उपयोग वाली दवाओं के दुरुपयोग की आशंका थी।



#### बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में राज्यभर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। आरती सिंह राव ने प्रत्येक व्यक्ति से धैर्यपूर्वक उनकी समस्या का विवरण सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समय पर समाधान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समस्याएं सुनते समय मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### निगरानी राज्य ड्रग्स कंट्रोलर कर रहे

इस छापेमारी की प्रत्यक्ष निगरानी राज्य ड्रग्स कंट्रोलर ललित कुमार गोयल ने की। उनके साथ खाद्य एवं औषधि प्रशासन मुख्यालय से तीन असिस्टेंट स्टेट ड्रग्स कंट्रोलर्स परविंदर सिंह, करण सिंह गोदारा और राकेश दहिया भी उपस्थित रहे। छापेमारी अभियान सिरसा जिले के कई क्षेत्रों जैसे कालांवाली, बडागुढ़ा, डबवाली, रानियां, ऐलनाबाद और सिरसा शहर में एक साथ चलाया गया। निरीक्षण कल सुबह 11:30 बजे शुरू होकर शाम 6:00 बजे तक जारी रहा।

#### 15 दुकानों के सैंपल लिए गए

अभियान के दौरान 67 मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार 16 दुकानें रिकॉर्ड प्रस्तुत न करने और अन्य उल्लंघन पाए जाने पर सील की गई। अभियान के दौरान 15 सैंपल लिए गए। गड़बड़ी पाए जाने वाली सभी दुकानों को शो कॉज नोटिस जारी किए जाएंगे और आगे की कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 एवं नियम 1945 के तहत की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि नशीली दवाओं का अवैध व्यापार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

**मुख्यमंत्री सैनी ने दी किसानों को बड़ी राहत**

## बाढ़-बारिश से प्रभावित किसानों के बिजली बिल 6 माह के लिए स्थगित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



निर्णय से राज्य के लगभग 7.10 लाख कृषि उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्ष 2025 के मानसून के दौरान राज्य में आई भारी वर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने के लिए विशेष योजना की घोषणा की। राज्य के सभी कृषि ट्यूबवेल उपभोक्ताओं के लिए जुलाई, 2025 से दिसंबर, 2025 की अवधि के बिजली बिलों का भुगतान छह माह के लिए स्थगित कर दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा उठाए गए इस फैसले से लाखों किसानों को राहत मिलेगी। ऊर्जा विभाग प्रवक्ता ने बताया कि जुलाई, 2025 में जारी बिजली बिल जनवरी, 2026 में देय होंगे। इसी प्रकार, अगस्त, 2025 के बिजली बिल फरवरी, 2026 में और दिसंबर, 2025 के बिल जून, 2026 में देय होंगे। इस निर्णय से राज्य के लगभग 7.10 लाख कृषि उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस अवधि के दौरान यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन द्वारा किसी भी कृषि ट्यूबवेल उपभोक्ता से विलंब अधिभार नहीं वसूला जाएगा तथा बिजली आपूर्ति सामान्य रूप से जारी रहेगी। इस सन्दर्भ में बिजली निगमों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। यह निर्णय से प्रभावित किसानों को तात्कालिक आर्थिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया, ताकि किसान अपनी कृषि गतिविधियों को पुनः आरंभ कर सकें।

---

**ऊर्जा मंत्री अनिल विज का तीखा कटाक्ष**

## "राहुल गांधी ने डुबकी लगाकर बता दिया कि डूब रहा है महागठबंधन"

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



जिन पार्टियों ने मौलिक अधिकार छीने, उनसे नकारात्मक बातें ही मिलती है सुनने को

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा तालाब में उतरकर मछलियां पकड़ने पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि "राहुल गांधी बहुत बड़े भविष्यवक्ता और ज्योतिषी हैं। उन्हें पहले ही एहसास हो गया है कि बिहार चुनाव में उनका महागठबंधन डूबने जा रहा है, इसलिए उन्होंने खुद तालाब में डुबकी लगाकर यह संदेश भी दे दिया है। यह डुबकी प्रतीकात्मक है उन्होंने जनता को संकेत दे दिया है कि इस बार महागठबंधन पानी में जाने वाला है। विज मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रधानमंत्री को अपमान मंत्रालय बनाने की सलाह देने वाले कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ऊर्जा मंत्री विज ने कहा कि जिन पार्टियों ने जब-जब मौका मिला, तब-तब लोगों की आवाज दबाई है।

---



### राज्यपाल प्रो. घोष ने इंटरनेशनल रिलेशंस पुस्तक का विमोचन

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने मंगलवार को गुरुग्राम स्थित साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंध इंटरनेशनल रिलेशंस) – सिविल सेवा एवं राज्य सेवा परीक्षाओं हेतु' पुस्तक के दूसरे संस्करण का विमोचन किया। कार्यक्रम में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में पूर्व में सचिव रहे दामु रवि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह पुस्तक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हरियाणा के कुलपति प्रो. अशोक कुमार तथा गुरुग्राम के डीसीपी ट्रैफिक डॉ. राजेश मोहन द्वारा लिखित है।

---

**कांग्रेस विधायक दल की बैठक में तीन प्रस्ताव पास**

## किसानों और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगेगी कांग्रेस

***नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक और डिनर डिप्लोमेसी, राज्यपाल को ज्ञापन देंगे***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा एक बार फिर से पूरी तरह से सक्रिय होकर फील्ड में उतर गए हैं। उन्होंने बीती रात डिनर डिप्लोमेसी की और उनकी अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस मामलों के हरियाणा प्रभारी भी राजधानी चंडीगढ़ में आए हुए थे। वैसे, नेता विपक्ष बनने के बाद में उनकी यह पहली बैठक है। इस दौरान सत्तापक्ष के विरुद्ध खुलकर खेलने और जनविरोधी फैसलों का विरोध सड़कों पर उतरकर करने के साथ ही राज्यपाल को ज्ञापन देने का फैसला लिया गया है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, वोट चोरी, पार्टी में अनुशासन, प्रदूषण, किसान और कानून-



व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। चौपट कानून-व्यवस्था और सरकार की किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ पार्टी ने प्रस्ताव पास किए। साथ ही, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत पर बधाई देते हुए भी एक प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही यह फैसला लिया गया कि इन मुद्दोंको लेकर कांग्रेस जल्द ही राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगी। पत्रकारों से बात करते हुए नेता विपक्ष और पूर्व सीएम ने बताया कानून-व्यवस्था पर प्रस्ताव में लाया गया और कहा कि आज अपराध चरम पर है और सरकार नकारा नजर आती है।

---

**हांसी में सफाई कर्मियों की मौत का मामला**

### मानव अधिकार आयोग ने होटल मालिक और प्रशासन से मांगी रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने 20 अक्टूबर, 2025 को प्रकाशित "होटल के सेप्टिक टैंक में उतरे दो कर्मचारी, मौत" खबर का स्वप्रेरित संज्ञान लिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि हिसार जिले के हांसी स्थित एक होटल में कार्यरत सोमवीर (निवासी गांव गढ़ी) और वीरेंद्र (निवासी गांव जमावरी) नामक दो कर्मचारियों को सीवर मोटर खराब होने पर बिना किसी सुरक्षात्मक उपकरण के सेप्टिक टैंक में उतरने के लिए मजबूर किया गया। एक कर्मचारी के टैंक में उतरते ही बेहोश हो जाने पर, दूसरे ने उसे बचाने की कोशिश की पर वह भी बेहोश हो गया। दोनों की मृत्यु टैंक के भीतर संभवतः जहरीली गैसों के संपर्क में आने से हुई।

---

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र का नेता पदाधिकारियों को पत्र**

## पोस्टर, बैनर, होर्डिंग पर लगाने होंगे प्रोटोकॉल के तहत नेताओं के फोटो

**हाईकमान को भी भेजा गया पत्र, आदेशों की पालना कराने की कवायद तेज**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़



कार्यक्रमों के पीछे लगने वाले पोस्टर, बैनरों में प्रोटोकॉल का रखना होगा ध्यान

हरियाणा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र ने एक पत्र कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता से लेकर जिलों में भेजकर साफ कर दिया है कि जिलों में होने वाले कार्यक्रमों के दौरान तेरा-मेरा नहीं चलेगा बल्कि इस पर नेताओं का फोटो लगाने के लिए प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान रखना होगा। इस बारे में स्पष्ट लिखा गया है कि कार्यक्रमों में जारी किए गए आदेशों का पालन करना होगा, अब से पहले मनमाने तरीके और गुटों के हिसाब से पोस्टर व बैनर लगते रहे हैं, जिनसे गुटबाजी व धड़ा बंदी का संदेश जाता है। इस पर रोक लगाने के लिए पार्टी की ओर से कदम उठाया गया है। पीसीसी चीफ ने एक पत्र लिखकर साफ किया है कि अब से पहले भी दिशा निर्देश जारी किए गए थे। लेकिन उनका पालन सौ फीसदी होना चाहिए। जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में लगने वाले बैकड्राप, पोस्टर बैनर होर्डिंग पर प्रोटोकॉल के तहत पार्टी नेताओं के फोटो लगाए जाने चाहिएं। पत्र में साफ किया गया है कि पत्र में बताए गए क्रमांक के हिसाब से फोटो लगाने चाहिएं।

#### सांसद और विधायकों के लगाने होंगे फोटो

पत्र में साफ किया गया है कि जिलों में लगने वाले पोस्टर बैनर में जिलों में सांसद, विधायकों के फोटो भी लगाने होंगे। इस तरह के कदम उठाने से जहां कांग्रेस की एकजुटता का संदेश जाएगा वहीं जनप्रतिनिधियों के सम्मान का विषय भी है। राव नरेंद्र ने अपने पत्र में पूर्व सीएम और नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ साथ में सांसदों, सभी विधायकों पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, सारी जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सदस्यों, डेलीगेट्स व पदाधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

#### राज्यपाल से मिलने के लिए मांगा वक्त

प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने प्रदेश के राज्यपाल से मिलने का वक्त मांगा है। पीसीसी चीफ ने बताया कि किसानों और प्रदेश में खराब कानून व्यवस्था के हालात को लेकर राज्यपाल को हम मिलकर ज्ञापन देने की तैयारी में हैं। हमने लिखित में पत्र भेजकर राज्यपाल हरियाणा असीम घोष से वक्त मांगा है। राव नरेंद्र ने बताया कि जैसे ही राज्यपाल की अनुमति होगी हम मिलकर उन्हें राज के हालात के बारे में ज्ञापन सौंप देंगे। राव ने कहा कि अब कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता एक मंच पर एकत्र होकर प्रदेश के अंदर जोरदार अभियान चलाने जा रहे हैं, हाईकमान द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार काम हो रहा है।

---

## लाडो लक्ष्मी योजना में 96% महिलाएं वंचितः डॉ. सुशील गुप्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की महिलाओं के साथ हुए सबसे बड़े राजनीतिक धोखे को आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चुनाव के दौरान पूरे हरियाणा की हर महिला को 2100 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था। बड़े मंचों पर घोषणा हुई, महिलाओं के साथ फोटोशूट हुआ, लेकिन सत्ता में आते ही सरकार ने वादे को तोड़ दिया और इस योजना को सिर्फ कागजों तक सीमित कर दिया। सच्चाई यह है कि हरियाणा की 96 प्रतिशत से ज्यादा



ये लाडो लूटो योजना

महिलाएं इस योजना से बाहर कर दी गईं। 1 करोड़ 35 लाख से ज्यादा महिलाएं योजना से वंचित रह गईं। यह एक महिला सशक्तिकरण योजना नहीं बल्कि महिला वोटों का शोषण करके सत्ता हासिल करने का हथियार साबित हुई। सरकार ने पहले कहा कि हर महिला को पैसे मिलेंगे, और बाद में जटिल नियम बना दिए।

---


**दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है - 1) लोड सैल की खरीद, 2) डोंगा सफाई कार्य।

विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल- http://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 10.11.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 10.11.2025 को पूर्वा. 9.30 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 10.11.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद सरकारी नीति के अनुरूप की जाएगी। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/ निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/- प्रबंध निदेशक

संवाद-1039/11/111/2026/40032/सी/88/6 दि. 04.11.25



**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द के अधीन बस स्टैण्ड नरवाना पर खड़ें पेड़ों (सफेदा, कीकर, नीम आदि) की खुली बोली दिनांक 12-11-2025 को प्रातः 11:00 बजे होगी। नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। अधिक जानकारी हेतु इस कार्यालय के भवन लिपिक से किसी भी कार्य दिवस पर सम्पर्क करें।

हस्ता/-महाप्रबन्धक
हरियाणा राज्य परिवहन,
जीन्द

पीआरडीएच-1119/11/744/2026/39999/88/6 दि 04.11.2025



**कार्यालय जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, रोहतक**

**प्रेस नोट**

**विषयः अल्पकालिक निविदाएं आमंत्रित करने के संबंध में**

दिनांक 07.11.2025 से 09.11.2025 तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिए व्यवस्था हेतु ₹200 (नाश्ता, लंच और डिनर) तथा बिस्तर (गद्दा, पिलो, चद्दर-2) ₹25 प्रति व्यक्ति की दर से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक प्रतिष्ठान 50,000 रुपये के डिमांड ड्राफ्ट/चेक के साथ अपनी निविदाएं दिनांक 06.11.2025 दोपहर 10 बजे तक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, रोहतक के कार्यालय में जमा कराएं। निविदा से संबंधित प्रपत्र, नियम एवं शर्तें जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, रोहतक के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती हैं।

निविदाएं दिनांक 06.11.2025 को दोहपर बाद 12:30 बजे जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, द्वितीय तल, लघु सचिवालय, रोहतक में खोली जाएंगी।

संपर्क सूत्रः 9992773999

नोटः नियम एवं शर्तें समयानुसार जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रोहतक में बताई जाएंगी।

मेन्यूः
- नाश्ताः मक्खन सहित ब्रेड / दही / परांठा, चाय / कॉफी / दूध
- लंचः मौसमी सब्जी, दाल, दही, चावल, रोटी, सलाद, अचार, देशी घी हलवा
- डिनरः मौसमी सब्जी, दाल, दही, चावल, रोटी, सलाद, दूध, मिठाई,

हस्ता/-जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, रोहतक

पीआरडीएच 1132/11/95/2026/40000/88/6 दि. 04.11.2025



**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेल्वे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई-नीलामी रेल्वे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| नीलामी काटलोग स. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|
| MSS-UMB-SFMU-BCrush-49-25-1 | सुनाम ऊधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-YJUD-BCrush-43-25-1 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनें (पीवीसीएम) स्थापित करने का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-SAG- BCrush-48-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनें (पीबीसीएम) स्थापित करने का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-ANSB-BCrush-45-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-DUI-BCrush-47-25-1 | धुरी रेलवे स्टेशन पर 03 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनें (पीबीसीएम) स्थापित करने का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-SIR-BCrush-50-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-UBC-BCrush-42-25-1 | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-NLDM-BCrush-44-25-1 | नंगल डेम रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |
| MSS-UMB-RPAR-BCrush-46-25-1 | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना का कार्य | 18.11.2025 12.00.00 hrs. |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3428/2025



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सेक्टर-12-ए, पंचकूला में हरियाणा मंत्री मकानों के परिसर में 30 मिमी मोटी बीसी का प्रावधान। | 03.11.2025 17.11.2025 | 5.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1724585654 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 2 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ | स्टेट एयरक्राफ्ट्स वीटी-एचसीए (फिक्स्ड विंग), वीटी-एचआरवाई (रोटरी विंग) के उड़ान प्रचालनों हेतु ई-फ्लाइट प्लानिंग, फ्लाइट डिस्पैच, एफडीटीएल हेतु सेवाएं और सम्बन्धित सेवाएं। | 01.11.2025 15.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | गांव ठरू में धानक चौपाल में विकास कार्य, एमपीएलएडी + 1 कार्य। | 31.10.2025 10.11.2025 | 11.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | विभिन्न गांव - चांदवास, जावा, हिंडोल, बरसाना, जय श्री में आरसीसी बैंच की स्थापना + 1 कार्य। | 01.11.2025 07.11.2025 | 21.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | चलायमान शौचालय वैन्स, बीएस-VI की अधिप्राप्ति। | 05.11.2025 04.12.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/100/40022/I/88/6 दि. 04.11.25



पंजाब सरकार
द्वारा
मुख्यमंत्री
**स. भगवंत सिंह मान**
के नेतृत्व में
आप सभी को

मानवता के कल्याण हेतु
**"किरत करो, नाम जपो, वंड छको"**
का शाश्वत संदेश देने वाले

प्रथम पातशाह
# श्री गुरु नानक देव जी
के
## 556वें प्रकाश पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं



**स. भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## सिरसा और फतेहाबाद में विकास कार्यों को लेकर विधायक व पार्षदों का बवाल

# समर्थकों को बैठक में जाने से रोकने पर विधायक का हंगामा

**सिरसा विधायक गोकुल सेतिया की दो घंटे तक पुलिस के साथ धक्का-मुक्की कांग्रेस सांसद सैलजा ने पहले ली दिशा की बैठक, फिर विधायक के पास पहुंचीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया ने मंगलवार को पंचायत भवन में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक ने अंदर दिशा की बैठक में समर्थकों के साथ जाने का प्रयास किया तो पुलिस ने रोक लिया। गोकुल सेतिया पहले पंचायत भवन के मुख्य गेट के ऊपर से कूदकर अंदर घुसे और उसके बाद गेट खोलकर समर्थकों को अंदर ले आए। जब गोकुल ने अंदर चल रही बैठक में जाने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें अकेले जाने को कहा, जिसके बाद वे भड़क गए और समर्थकों के साथ अंदर प्रवेश करने का प्रयास किया, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो पाए। इस दौरान विधायक समर्थकों व पुलिस के बीच करीबन दो घंटे जोरआजमाइश चलती रही और धक्का-मुक्की हुई। बाद में गुस्साए विधायक सेतिया ने जिला प्रशासन का पुतला फूंका और उपायुक्त और अतिरिक्त उपायुक्त पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यह उनका नहीं, गेट बंद करके प्रशासन ने जनता का अपमान किया है।

उल्लेखनीय है कि पंचायत भवन में सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा दिशा की बैठक ले रही थीं, जिसमें डबवाली के विधायक आदित्य चौटाला भी पहुंचे। दूसरी ओर, विधायक गोकुल बैठक परिसर से बाहर ही करीब तीन घंटे तक प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करते रहे। पूरी बैठक के दौरान पुलिस प्रशासन की सांसें फूली रहीं।

### नशे पर नहीं हो रही कार्रवाई : सेतिया

इस दौरान विधायक सेतिया ने सरकार और मंत्री रणबीर गंगवा पर जमकर निशाना साथ। डीसी, एडीसी व सीईओ पर काम न करने के आरोप लगाए। विधायक सेतिया ने कहा कि गांव में सफाई की व्यवस्था बदहाल है। सिरसा में नशे पर कार्रवाई नहीं हो रही है। गलियां एवं सड़कों की हालत खराब है। शहर में पीने की पानी की समस्या ज्यादा है। सभी कार्यों की फाइल तैयार कर रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजी हुई है, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। विधायक ने कहा कि इन्हीं समस्याओं को उठाने के लिए वे बैठक में आए हैं। सेतिया ने कहा कि अब सिरसा की जनता के लिए संघर्ष की शुरुआत हो गई है और अब लगातार शासन-प्रशासन से जवाब तलबी की जाएगी और धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे। गौरतलब है कि विधायक ने बीते दिवस ही सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर समर्थकों को पंचायत भवन में पहुंचने की अपील की थी, जिस पर उनके समर्थक मौके पर पहुंचे। स्थिति को भांपते हुए जिला प्रशासन ने पंचायत भवन में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया।

### गेट फांदकर अंदर आए विधायक सेतिया



सिरसा के पंचायत भवन के गेट के बाहर समर्थकों के साथ धरने पर बैठे विधायक गोकुल सेतिया। फोटो : हरिभूमि

### सैलजा डीसी के साथ सेतिया से मिलीं

बैठक के बाद सांसद सैलजा धरना दे रहे विधायक गोकुल सेतिया के पास पहुंचीं, जहां गोकुल सेतिया ने प्रशासनिक अधिकारियों पर काम में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। विधायक ने सांसद से कहा कि आप उपायुक्त को यहां बुलाओ और वे बताएं कि सिरसा का एक साल में कितना काम किया है। सांसद ने उपायुक्त को बुलाया जहां पर विधायक ने उनसे काम न करने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एक साल के अंदर ऑटो मार्केट सहित कई काम सिरसा विधानसभा के पेंडिंग पड़े हैं। सेतिया ने यह भी कहा कि जिला परिषद के सीईओ जातिवाद फैला रहे हैं जबकि उन्होंने शिकायत दी है, इस पर उपायुक्त को सीईओ के खिलाफ पर्चा दर्ज करवाना चाहिए। विधायक के कई सवालों के साथ हामी भरते हुए सांसद ने उपायुक्त को प्राथमिकता के आधार पर जनसमस्याओं को शीघ्र दूर करने व विधायक द्वारा दी गई शिकायतों की जांच करने के लिए कहा जिसके बाद विधायक शांत हुए।

# पार्षदों ने धरना देकर नप गेट पर जड़ा ताला

**धरना दे रहे पार्षद की तबीयत बिगड़ी तो प्रधान समेत 22 पार्षद समर्थन में उतरे, सचिव को भी बाहर निकाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विकास कार्य न होने पर खफा सोमवार से धरने पर बैठे पार्षद भड़क गए। सुभाष नायक के समर्थन में मंगलवार को नगरपरिषद प्रधान व उपप्रधान सहित करीब 22 पार्षदों ने रोष जताया। गुस्साए पार्षदों ने नगरपरिषद कार्यालय में बैठे कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया। इस दौरान सचिव गोबिंद कुमार ने गेट पर खड़े होकर पार्षदों को राजनीति न करने की सलाह दी तो इससे भड़के पार्षदों ने बाजू खींचकर उन्हें भी बाहर निकाल दिया और नगर परिषद गेट पर ताला जड़ दिया। मामला बिगड़ता देख देर शाम को एडीसी और डीएमसी अनुराग ढालिया और नगराधीश गौरव गुप्ता मौके पर पहुंचे और आश्वासन दिया कि 6 नवम्बर को नगरपरिषद हाउस की बैठक बुलाई गई है, जिसमें पार्षदों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही, डीएमसी ने नगर परिषद अधिकारियों की छुट्टी भी रद्द करने का ऐलान किया। इस पर पार्षदों ने कहा कि 6 नवम्बर तक उनका धरना जारी रहेगा।

वार्ड नंबर 9 के पार्षद सुभाष नायक सोमवार सुबह नगर परिषद में एक्सईएन कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए थे। शाम 5 बजे तक भी नगर परिषद के अधिकारियों के अलावा प्रधान व उपप्रधान में से कोई भी पार्षद से मिलने नहीं पहुंचा। शाम को बीपी बढ़कर 180 तक पहुंच गया और तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मगर पार्षद फिर से धरने पर आकर बैठ गए और रात भर धरनास्थल पर ही रहे। मंगलवार सुबह उन्होंने भूख हड़ताल की भी घोषणा कर दी। सचिव गोविंद कुमार व अन्य अधिकारी उन्हें मनाने पहुंचे। नगर परिषद के प्रधान राजेंद्र खिंची, उपप्रधान सविता टुटेजा, पार्षद मोहन लाल नारंग, ज्योति मेहता, निलांशी शर्मा, राजू तूड़ेवाला, पंछी ठेकेदार, सुखदेव सिंह, हंसराज योगी, सुरेंद्र डींगवाल, अनिल गर्ग, स्नेहलता, अर्जुन कटारिया, जगदीश नायक, गुरप्रीत सिंह, राजेन्द्र आहूजा, मनोज भ्याना, कपिल खत्री, सुखदेव सिंह, किरण नारंग, रमेश गिल्होत्रा, बेअंत सिंह ने समर्थन दिया। नप सचिव गोविंद कुमार गेट पर खड़े होकर तालाबंदी से रोकने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान पार्षद हंसराज योगी ने हाथ पकड़ कर सचिव को साइड में कर दिया और गेट बंद कर दिया। बाद में डीएमसी अनुराग ढालिया व सीटीएम गौरव गुप्ता ने उन्हें मनाया।

### कल होगी बैठक



**फतेहाबाद।** नगरपरिषद में धरने पर बैठे प्रधान व अन्य पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### वार्ड में नहीं हो रहे काम

पार्षद सुभाष नायक ने बताया कि उनके वार्ड में काम नहीं हो रहे हैं। तीन महीने पहले ब्रह्मकुमारी आश्रम पर स्ट्रीट लाइट लगाने का टेंडर हुआ था, लेकिन अभी तक लाइट नहीं लगी। तीन महीने पहले एक गली उखाड़ दी गई। मगर अभी तक उसको नहीं बनाया गया है। वार्ड की जिन गलियों का निर्माण किया जाना है, उनका जेई को बुलाकर दो महीने पहले निरीक्षण करवाया था। जेई ने पूरा मौका मुआयना कर लिया था, मगर दो महीने में जेई एस्टीमेट तक नहीं बनवा सका है।

**करनाल में धान खरीद में बड़ा घोटाला**

# बाहरी लोगों को जारी हुए गेट पास, चार पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के करनाल जिले की नई अनाज मंडी में करोड़ों रुपये के धान घोटाले का एक और बड़ा खुलासा हुआ है। मार्केटिंग बोर्ड के जिला अधिकारी ईश्वर सिंह राणा की शिकायत पर मंडी समिति करनाल की सचिव आशा रानी और उनके तीन सहयोगी राजेंद्र, अमित और अजय के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

शिकायत में आरोप है कि सचिव आशा रानी ने गेट पास जारी करने की जिम्मेदारी निजी व्यक्तियों को सौंप दी थी, जिससे सरकारी प्रणाली का दुरुपयोग हुआ। जांच में सामने आया है कि कई गेट पास करनाल मंडी क्षेत्र से बाहर के मोबाइल नंबरों और आईपी एड्रेस से जारी हुए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देश पर डीएफएमओ द्वारा जब मंडी के गेट पासों की जांच कराई गई तो बड़ा घोटाला उजागर हुआ। कई गेट पास ऐसे मोबाइल नंबरों और आईपी एड्रेस से जारी हुए जो मंडी क्षेत्र से संबंधित नहीं थे।

### इनके नाम से गड़बड़

- राजेंद्र कुमार (गांव बुधन पुर वीरान, इंद्री)
- अमित कुमार (गांव जुंडला, दादूपुर रोरन-43)
- अजय कुमार (गांव खेड़ी नारू)

# धोखे से हेल्थ पॉलिसी बनवा अस्पताल ने हड़पे 1.20 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- आरोप-एसडीएम कार्यालय में ड्यूटी पर था शिकायतकर्ता कर्मचारी, अस्पताल ने उसे भर्ती दिखाकर हड़पा बीमा क्लेम

सफीदों में हेल्थ इंश्योरेंस में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। जिसमें निजी अस्पताल संचालक ने बीमा कंपनी एजेंट के साथ मिलीभगत कर एक कर्मी के नाम से उसे बिना बताए हेल्थ इंश्योरेंस करवाया और क्लेम राशि एक लाख 20 हजार को हड़प ली। शहर थाना सफीदों पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अस्पताल संचालक चंद्र कृष्ण, बीमा एजेंट बिजे सिंह को नामजद कर कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव कुरड़ निवासी अमरजीत ने बताया कि वह सफीदों एसडीएम कार्यालय में ड्यूटीरत है। ज्ञानीराम अस्पताल के संचालक चंद्र कृष्ण ने हेल्थ इश्योंरस कंपनी एजेंट के साथ मिलीभगत कर उसके नाम से हेल्थ बीमा करवाया। जिसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं थी। उसने ज्ञानी राम अस्पताल से कभी इलाज करवाना तो दूर वह कभी भी उस अस्पताल में नहीं गया। बावजूद इसके अस्पताल संचालक ने उसे अपने अस्पताल में भर्ती दिखा कर उसके नाम से बीमा क्लेम कर हड़प लिया। जिस दौरान उसे भर्ती दिखाया गया, वह उस दौरान एसडीएम कार्यालय में ड्यूटी पर था।

# पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते बेमौसमी बरसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से मंगलवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और बरसात शुरू हो गई। बरसात के कारण तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। दिन के साढ़े 3 बजे ही शहर का दृश्य रात 7 बजे जैसा नजर आया। उत्तर पश्चिमी हवाओं के कारण हुई बूंदाबांदी के बाद मौसम में ठंडक आ गई। अब तक यहां अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 18 डिग्री चल रहा था। मंगलवार को 2 डिग्री गिरकर अधिकतम 30 व न्यूनतम 16 डिग्री रह गया। भूना में तेज बरसात की वजह से मंडियों व खरीद केंद्रों में रखा 18 हजार बोरी धान भीग गया।

अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय मौसम प्रणालियां अपने अंतिम चरण में हैं जिनका असर धीरे-धीरे उत्तर भारत से समाप्त होता जा रहा है। हरियाणा-एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने से अब उत्तरी पश्चिमी हवाएं चलने लगी हैं जिससे रात्रि तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। बता दें कि अब उत्तरी हवाओं के चलते रातें ठंडी और सुहानी होंगी। ऐसे में आने वाले सप्ताह में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट दर्ज की जाएगी। नवंबर के अंत तक सुबह और देर रात में ठंडक का असर बढ़ जाएगा।

### भूना में बरसात से भीगा 18 हजार बोरी धान



### आगे ऐसा रहेगा मौसम

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण आज से मौसम में हल्का बदलाव आने की संभावना है। 5 नवंबर को राज्य में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान बीच-बीच में आंशिक बादलवाई तथा कुछ एक स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है। इससे दिन के तापमान में हल्की कमी व रात्रि तापमान में बढ़ोतरी संभावित है। इसके बाद 6 से 9 नवंबर के दौरान मौसम खुश्क रहने की संभावना है। फिर से उत्तर व उत्तर पश्चिमी हवाएं हल्की से मध्यम गति से दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने व रात्रि तापमान में हल्की गिरावट की संभावना है।

# जम्मू कश्मीर में शहीद हुए जींद के अमरजीत नैन राइफल साफ करते हुए लगी गोली, 7 माह की बेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/नरवाना



गांव जाजनवाला के जवान अमरजीत नैन जम्मू-कश्मीर के पुंछ में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। अमरजीत नैन के पिता रमेश भी फौजी हैं। शहीद का अंतिम संस्कार मंगलवार दोपहर बाद पैतृक गांव जाजनवाला में सैन्य सम्मान के साथ किया गया। जाजनवाला में 8वीं मैक इन्फेंट्री रेजीमेंट हिसार द्वारा सलामी दी गई और इस दौरान जेसीओ रोहताश 7वीं बटालियन जाट रेजीमेंट, उप मंडल अधिकारी नरवाना, उप पुलिस अधीक्षक नरवाना, थाना प्रबंधक सदर नरवाना, रघबीर नैन, सतबीर दबलैन, बिट्टू नैन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। शहीद को चचेरे भाई सुशील ने मुखाग्नि दी।



जींद में शहीद अमरजीत को सलामी देते सेना के जवान।

- आठ जुलाई 2024 को भी जाजनवाला के जवान प्रदीप नैन कश्मीर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुए थे।

अमरजीत का जन्म 1996 में हुआ था और 10 साल पहले ही वो सेना में भर्ती हुए थे। दो साल पहले ही उनकी शादी हिसार के नहला में प्रियंका से हुई थी। उनके पिता खेती करते हैं। अमरजीत की एक सात महीने की बेटी है। बता दें कि ड्यूटी के दौरान सोमवार को अचानक 29 वर्षीय अमरजीत नैन की सर्विस राइफल से गोली चल गई थी।

## राशिफल

**मेष:** मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष:** व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन:** लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क:** कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह:** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला:** नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु:** नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन:** आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

### ई-चालान की एपीके फाइल भेजकर ठगे साढ़े तीन लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने जगाधरी के हुडा सेक्टर में रहने वाले रिटायर्ड बैंक कर्मी योगेंद्र चौहान के मोबाइल पर ई चालान की एपीके फाइल भेजकर अकाउंट से साढ़े तीन लाख रुपये निकाल लिए। जब कर्मी को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उन्होंने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। चौहान ने बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक में चीफ मैनेजर के पद से रिटायर हैं।

### गुरुग्राम स्क्रैप कारोबारी हत्याकांड में सात लोगों को उम्रकैद

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में स्क्रैप व्यापारी सुमित कुमार हत्याकांड मामले में कोर्ट ने सात दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार दीवान की कोर्ट ने एक आरोपी प्रहलाद उर्फ पिंटू को शस्त्र अधिनियम के तहत 12 साल की अतिरिक्त कैद और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा भी सुनाई है।

यह घटना 1 सितंबर 2022 को हुई थी, जब भोड़ा कलां गांव निवासी 30 वर्षीय स्क्रैप व्यापारी सुमित कुमार को गोली मार दी गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने हत्या में शामिल प्रहलाद उर्फ पिंटू, जोगेंद्र उर्फ कालू, हरेंद्र उर्फ हनी, मोहित, बिट्टू, अमित और भूपेंद्र उर्फ भोलू, सभी भोड़ा कलां निवासी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जांच के बाद पर्याप्त सबूत और गवाह जुटाकर आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**PUBLIC NOTICE**

Intimation of RERA Accounts for WB RESIDENCY Project. This is to inform all stakeholders and the general public that WELL BUILT REAL ESTATES LLP has established the following accounts for the WB RESIDENCY project, as per the requirements of the Haryana Real Estate Regulatory Authority (HRERA)
Project Name: **WB RESIDENCY**
Registration No.: HRERA-PKL-JJR-593-2024
IFSC: PUNB0003500
1. MASTER Collection Account (100%)
Account Number: 0035002900000058
Bank Name: PUNJAB NATIONAL BANK
Branch: RAILWAY ROAD, BAHADURGARH
2. RERA Account (70%)
Account Number: 0035002900000067
Bank Name: PUNJAB NATIONAL BANK
Branch: RAILWAY ROAD, BAHADURGARH
3. Current Account (30%)
Account Number: 0035002100031090
Bank Name: PUNJAB NATIONAL BANK
Branch: RAILWAY ROAD, BAHADURGARH
All transactions related to the WB RESIDENCY - project should be directed to the above-mentioned accounts.

**उत्तर रेलवे**

ई-टेंडरिंग

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-15/2025-26 दिनांक 03.11.2025**


सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए **15:00** बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा संख्या | 30-विद्युत-21/2025-26 (ओपन टेंडर) | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | अंबाला मंडल में लिफ्टों, एस्केलेटरों, स्ट्रीट लाइटों, सब-स्टेशनों, 70%/30% प्लेटफार्म प्रकाश व्यवस्था और सेवा भवन के ऊर्जा प्रबंधन के रिमोट कंट्रोल और निगरानी के प्रावधान से संबंधित विद्युत कार्य। | | |
| लगभग लागत | ₹ 26525730.25 | बोली प्रतिभूति | ₹ 282600.00 |
| पूर्ण होने की | 04 महीने | बंद करने और खोलने की तिथि | 25.11.2025 |

**1.** निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/ TIN/ GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। **2.** आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/ या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15:00** बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। **3.** कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। **4.** विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें/ **5.** जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3434/2025

### शब्द पहेली - 6038



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -6037 का हल**



### सूडोकु नवताल - 6048

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |




## प्रचार के अंतिम दिन पक्ष विपक्ष के तमाम दिग्गज मैदान में उतरे

# पीएम मोदी ने महिला कार्यकर्ताओं के साथ नमो एप से किया संवाद बहन-बेटियां एनडीए को विजयी बनाने के लिए उत्सुक

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव प्रचार का मंगलवार को आखिरी दिन था। भाजपा, जदयू, राजद और कांग्रेस समेत अनेक पार्टियों के दिग्गज नेता बिहार के विभिन्न जिलों में धुआंधार चुनाव प्रचार में हिस्सा ले रहे हैं। पीएम मोदी ने बिहार की महिला कार्यकर्ताओं के साथ नमो एप के माध्यम से संवाद किया। पीएम मोदी ने जब यह पूछा कि बिहार की सरकार ने एक करोड़ 40 लाख महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये की सीधा मदद पहुंचाई, ताकि महिलाएं अपने पैर पर खड़ी हों। इस पर महिला प्रतिनिधि ने कहा डिजिटल इंडिया होने के कारण महिलाओं को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। इससे महिलाओं को अपना छोटा सा रोजगार शुरू करने में मदद मिली। पहले बिचौलिया योजनाओं का पैसा खा जा रहे थे लेकिन अब लाभ मिल रहा है।

### महिलाएं जंगलराज के खिलाफ दीवार बनकर खड़ीं


*महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पीएम मोदी।*

*पीएम मोदी ने जंगल राज का जिक्र किया और पूछा कि आपलोग जब नई पीढ़ी को यह बात बताते हैं तो उनका क्या रिएक्शन होता है। इस पर संवाद में मौजूद महिला ने उस दौरान की घटना का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि अब बिहार की महिलाएं जंगलराज के खिलाफ दीवार बनकर खड़ी हैं। नबिहार की महिलाएं अब दिन हो या रात घर से बाहर निकलकर काम कर रही हैं।*

### हर रैली पहले वाली रैली का रिकॉर्ड तोड़ रही

'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' महिला संवाद में पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का कार्यकर्ता जी जान से जुटा हुआ है। आप सभी बहुत परिश्रम कर रहे हैं। हर रैली पहले वाली रैली की रिकॉर्ड तोड़ रही है। हमारी बहनें और बेटियां बड़ी संख्या में आ रही हैं। पूरा मंडप बहनों बेटियों के नारों से गूंज उठा है। मेरा बूथ सबसे मजबूत के संकल्प के साथ काम कर रही है।

### एनडीए की भारी जीत होगी, कोई संदेह नहीं

*पीएम मोदी ने कहा, बिहार में एनडीए की भारी जीत पर मुझे कोई संदेह नहीं है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में वोटिंग करने का आग्रह किया। मैंने पहले चरण के मतदान से पहले आप सभी बहनों से आपकी मेहनत और आपके अनुभवों के बारे में बात करने की योजना बनाई थी। मैं उन्हें समझने की कोशिश करूंगा। मैं उन्हें अनुभव करने की कोशिश करूंगा।*

### जुलूस निकालकर लोगों को वोट देने ले जाइए

पीएम मोदी ने महिला कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बिहार की महिलाओं ने इस चुनाव को उत्सव में बदल दिया है। बिहार में एनडीए की जीत तय है, बहुत भारी जीत होगी। एनडीए के कामों ने गरीब, दलित, पिछड़े, महादलित सबके जीवन में बदलाव लाया है। मोदी ने महिला कार्यकर्ताओं से कहा, "अब वक्त है हर घर तक पहुंचने का। बूथ ही जीत की नींव है। जुलूस निकालिए, लोगों को मतदान केंद्र तक लेकर जाइए।

शाह का राहुल-तेजस्वी पर तंज

## घुसपैठिए बचाने को यात्रा निकालते रहे

दरभंगा में एनडीए के लिए चुनावी प्रचार करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर



जमकर निशाना साधा। उन्होंने वोट अधिकार यात्रा पर हमला बोलते हुए कहा कि यह घुसपैठियों को बचाने के लिए निकाली गई यात्रा थी। उन्होंने आरजेडी और कांग्रेस पर छठी मैया के अपमान का भी आरोप लगाया ये कितनी भी यात्रा निकाल लें, लेकिन हम देश से घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकालने का काम करेंगें।

### 160 से ज्यादा सीटें जीतकर एनडीए बनाएगी सरकार

शाह ने दावा किया है कि इस बार बिहार में रएनडी की जीत तय है और गठबंधन 160 से ज्यादा सीटें हासिल कर सत्ता में वापसी करेगा।अमित शाह ने साफ कहा कि मुख्यमंत्री का चेहरा नीतीश कुमार ही होंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व करते रहेंगे। हम 160 से ज्यादा सीटें जीतेंगे और बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी।

रैली में गरजे राहुल

## मोदी सरकार पूंजीपतियों की, किसानों की नहीं

प्रचार अभियान के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। औरंगाबाद जिले



के कुटुंबा में आयोजित एक चुनावी रैली के दौरान राहुल ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब किसानों की जमीन छीनकर उद्योगपति गौतम अडाणी को सौंप दी। राहुल के इस बयान से बिहार में चुनावी माहौल और भी गर्म हो गया है। राहुल ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ही नहीं है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हाथ में नीतीश कुमार का रिमोट कंट्रोल है। नीतीश कुमार की सरकार अब बिहार में कभी नहीं बन सकती। ये लोग वोट चोरी की कोशिश करेंगे आपको सतर्क रहना है, मतदान केंद्रों पर ध्यान से रहना है। ये फिर से वोट चोरी करने की कोशिश करेंगे और हमारे कार्यकर्ता और बिहार की जनता इन्हें रोकेगी।

### योगी के टप्पू, पप्पू और अप्पू वाले बयान पर तेजस्वी यादव ने किया बड़ा हमला



योगी आदित्यनाथ के टप्पू, पप्पू और अप्पू वाले बयान पर तेजस्वी यादव ने करारा हमला किया है। तेजस्वी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने सीएम बनते ही अपने ऊपर से गंभीर से गंभीर मुकदमे को हटवा लिया। तेजस्वी से कहा गया कि आपको टप्पू बताया है, राहुल गांधी को पप्पू और अखिलेश यादव को सीएम योगी अप्पू बता रहे हैं। अखिलेश यादव प्रधानमंत्री को गप्पू बता रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि हम सब लोगों को भाषा का ख्याल रखना चाहिए।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA SFC 609 CBC (BHARDWAJ TRANSPORT AND TRAVELS) REG.NO.HR46F7931-YOM-YOM-2020
2) TATA LPTK 3118 FULLY BUILT TIPPER(RAJESH SANJAY) REG.NO.OD35B6085-YOM-YOM-2017
3) MAHINDRA AND MAHINDRA CB MAH JEETO(HITENDER KUMAR) REG.NO. HR84A9456-YOM-2025
4) TATA ACE (RAMPAL) REG.NO. HR69E3517-YOM-2023
5)1512 CABIN CHASIS TATA MOTORS (NARNAUL GOLDEN TRANSPORTCOMPANY) REG.NO. HR66C9800 -YOM-2022
6) TATA ACE (GOURAV) REG.NO. HR39F2888-YOM-2023
7)TATA INTRA TATA MOTORS(SANJEET) REG.NO.HR69F6460-YOM-2023
8) SWARAJ MAZDA SARTAJ_ GOODS (SURESH MANDAL ) REG.NO. HR39F7900-YOM- 2024
9) MSU_CARRY(AMARSINGH SAINI) REG.NO. HR47F9192 -YOM- 2023
10) TATA ACE (GOURAV) REG.NO.HR39F2888 -YOM- 2023
11) TATA_INTRA_TATA MOTORS (SANJEET) REG.NO.HR69F6460-YOM-2023
12) ALBUS (SURENDER KUMAR) REG.NO. HR61C0050-YOM- 2020

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 07 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 11.11.2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS: FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT :MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. +91-9671300231 EMAIL:-Goverdhan.Joshi@kotak.com

महागठबंधन पर बरसे राजनाथ

## नौकरी के वादे पर पूछा धन कहां से आएगा?

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन कायम हुआ है और इतने वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उनके



खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी मामला नहीं है। वैशाली में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने एनडीए के पक्ष में मतदान की अपील की और कहा कि राजग सरकार ने बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अब पांचवे स्थान पर पहुंच गया है।

### राजद का क्या मतलब है जंगलराज...: नड्डा



*मधुबन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 'जंगलराज' वाले नए-नए चोले पहनकर और नए-नए लुभावने वादे करके लोगों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनका अतीत वही है, और आज भी वे 'गुंडाराज' और 'जंगलराज' के समर्थक हैं। राजद का क्या मतलब है? आर का मतलब 'रंगदारी', जे का मतलब 'जंगलराज' और डी का मतलब 'दादागिरी'। सिवान की जनता एनडीए के साथ है।*

### हमें राज्य के सभी लादेन को खत्म करना होगा: सरमा

असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने भी सीवान में गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में रघुनाथपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कुछ ऐसा कह दिया, जिस पर हंगामा हो सकता है। दरअसल सरमा ने कहा कि राज्य में जितने भी ओसामा बिन लादेन हैं, उन सभी को खत्म करना होगा।



### तेजस्वी को बताया 'झुनझुना' देने वाला

तेजस्वी यादव ने संविदा कर्मचारियों को स्थायी करने, जीविका दीदियों को 30,000 वेतन देने, महिलाओं के बैंक खाते में 25,000 देने का वादा किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता स्मृति ईरानी ने आरजेडी और तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि ये सिर्फ जनता को भरमाने के लिए झुनझुना दे रहे हैं।



### ओपिनियन पोल में एनडीए को 153 से ज्यादा सीटें

पहले चरण का चुनाव प्रचार खत्म होने से पहले एक ओपिनियन पोल सामने आया है, जिसमें दावा किया है कि राज्य में फिर एनडीए की सरकार बन सकती है, जबकि भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आ सकती है। ये सर्वे आईएएनएस-मैटराइज द्वारा किया गया है। एनडीए गठबंधन को 153-164 सीटें मिल सकती हैं। इसके अलावा विपक्षी दलों के महागठबंधन को 76-87 सीटें मिलने का अनुमान है।

गिरिराज का पलटवार

### राहुल की शादी होगी तो जरूर आएंगे हम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए




कहा था कि मोदी जी बिहार में ऐसे घूम रहे हैं, जैसे उनके बेटे की शादी हो।इस पर ही गिरिराज सिंह ने अब पलटवार किया है। उन्होंने खरगे के भाषण की वीडियो क्लिप को साझा करते हुए लिखा, "खड़गे जी, कांग्रेस के युवराज की भी अगर कभी शादी होती है।

### नीतीश का महिलाओं को फिर तोहफा!

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लेकर सीएम



नीतीश ने अफवाहों पर विराम लगाते हुए ये कहा है कि किसी भी महिला को पैसे लौटाने की जरूरत नहीं है। बिहार की महिलाओं को 10-10,000 रोजगार के लिए दिए जा रहे हैं। इसे लौटाने की अफवाह फैलाई जा रही है तो सीएम ने अफवाहों का खंडन किया है और यह कहा है कि रकम महिलाओं को वापस लौटाने की जरूरत नहीं है।



## चिंतन

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर बिखरा इंडिया गठबंधन

चुनाव आयोग ने जब देश में पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया शुरू की तो विपक्ष ने खूब बवाल काटा। इंडिया गठबंधन के नेता संसद से लेकर सड़क तक खूब गरजे। देशभर में अलग-अलग तरह से चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोला गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में विपक्षी दलों ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाली। यह साबित करने का प्रयास किया गया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर ऐसा कर रहा है। विपक्ष के वोट काटने के लिए बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। अब जबकि चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवंबर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन करवाने का ऐलान किया है तो विपक्ष विरोध तो कर रहा है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सारे दल अलग-अलग ढपली बजा रहे हैं। जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां भी इंडिया ब्लॉक के कुनबे में तमिलनाडु छोड़कर इस मुद्दे पर कहीं भी एकजुटता नजर नहीं आ रही है। दूसरे चरण की घोषणा हुए 10 दिन से ज्यादा गुजर चुके हैं, लेकिन विपक्षी दलों ने अभी तक इसके खिलाफ एक प्रेस कांफ्रेंस तक नहीं की है। अलबत्ता सैद्धांतिक रूप में वे इसका विरोध जरूर कर रहे हैं और वो भी अलग-अलग। मंगलवार को पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8 किलोमीटर लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे। तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता का आरोप है कि वोटर लिस्ट में संशोधन प्रोसेस चुपचाप तरीके से की जा रही धांधली है। इसे भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कर रहे हैं, लेकिन इसके उलट इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े धड़े कांग्रेस ने इस मार्च से दूरी बनाए रखी। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने का कहना था कि टीएमसी और बीजेपी बंगाल में एसआईआर पर विभाजनकारी राजनीति में लिप्त हैं, जिससे भय का माहौल पैदा हो रहा है। सीएम ममता बनर्जी को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए थी और एसआईआर विरोधी दलों को एकजुट करना था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। कांग्रेस अब चुनाव आयोग के साथ मुलाकात की कोशिश में है, ताकि अपनी चिंताएं बता सके और एसआईआर को लेकर सुझाव दे सके। इशारा साफ है कि इंडिया गठबंधन में सब कुछ सही नहीं है। दूसरी ओर, सबसे बड़ी बात ये है कि बिहार में इतना हो-हल्ला करने के बाद भी न तो मतदाताओं पर इसका कोई असर दिख रहा है और न ही इसके खिलाफ कोई बड़ा कानूनी डंडा ही चल पाया है, जिसने इंडिया गठबंधन के नेताओं का उत्साह पूरी तरह से फीका कर रखा है। कांग्रेस, आरजेडी और लेफ्ट की वजह से बिहार में जो विपक्ष एकजुट दिख रहा था, वो न तो पश्चिम बंगाल में एकसाथ नजर आ रहा है और न ही केरल में। जबकि, इन तीनों ही राज्य में अगले साल एसआईआर की छंटनी प्रक्रिया के बाद तैयार होने वाले वोटर लिस्ट पर ही चुनाव होने वाले हैं। विपक्ष को लग रहा है कि इस मुद्दे को जनता भाव नहीं दे रही है। इसीलिए गठबंधन की एकता गायब हो गई है।



पंचायती राज
प्रमोद भार्गव

# युवा ग्रामसभाओं से लोकतंत्र होगा सशक्त

> देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा आबादी होती है। यह सुखद है कि विश्व की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या भारत में है। अब युवा जनसांख्यिकीय ताकत को पंचायतीराज में शिक्षित युवाओं के समावेशीकरण की दृष्टि से एक अनूठी नवाचारी पहल पंचायती राज मंत्रालय ने की है। पंचायती राज में इन युवाओं की भूमिका इसलिए भी अहम रूप में रेखांकित होगी, क्योंकि अब वर्तमान नीतिगत तकनीकी उपायों और कृत्रिम बुद्धि कंप्यूटर से चलने वाले प्रशासन के जरूरी हिस्सा हो गए हैं। इनका सही इस्तेमाल निरीक्षण और अशिक्षित पंचायत प्रतिनिधि की बजाय सुशिक्षित एवं तकनीक का जानकार निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि कहीं ज्यादा कारगर एवं परिणाम मूलक उपयोग कर पाएंगे।

किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा आबादी होती है। यह सुखद है कि विश्व की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या भारत में है। आधे नागरिक 25 वर्ष से कम आयु के हैं। इसीलिए नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं, तभी से वे इस युवा ऊर्जा को नवाचार से जोड़ने के प्रयास में लगे हुए हैं। इसमें सफलता भी मिली है। इसी का नतीजा है कि देश दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है। अब युवा जनसांख्यिकीय ताकत को पंचायतीराज में शिक्षित युवाओं के समावेशीकरण की दृष्टि से एक अनूठी नवाचारी पहल पंचायती राज मंत्रालय ने की है। इसमें जनजातीय कार्य मंत्रालय और शिक्षा विभाग का भी सहयोग लिया जा रहा है। इसके अंतर्गत 'आदर्श युवा ग्रामसभा' यानी मॉडल यूथ ग्रामसभा (एमवायजीएस) एक ऐसी पहल है, जो युवाओं में लोकतांत्रिक भागीदारी और नेतृत्व को प्रेरित करती है। ये युवा ग्रामों में जमीनी लोकतंत्र की भावना को न केवल मजबूती देंगे, अपितु त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में शामिल होकर नवीन डिजिटल माध्यमों से ग्राम पंचायत प्रशासन को पारदर्शी बनाने के साथ, उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने का काम भी करेंगे। इस व्यवस्था को तीनों विभागों ने तालमेल बिठाकर 30 अक्टूबर 2025 को शुभारंभ भी कर दिया है। त्रिस्तरीय पंचायती राज में सरपंच, जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष से कहीं ज्यादा संवैधानिक महत्व ग्राम सभाओं का है।

हालांकि कमोबेश पूरे देश में ग्राम सभाओं को नजरअंदाज किया जाता है। कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी ग्राम सभाओं के कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रस्तावों को टाल देते हैं। ग्राम सभाओं की इस कानूनी बाध्यता को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए वेदांता जैसी खनिज उत्खनन की बहुराष्ट्रीय कंपनी और ओडिशा राज्य सरकार के मामले में 2013 में दिए गए एक फैसले से जानते हैं। शायद देश में ऐसा पहली बार हुआ था कि पंचायतराज और ग्रामसभा के अधिकारों की कितनी अहम् भूमिका ग्राम विकास में अतंर्निहित है। पंचायत और वनाधिकार कानून की यह न्यायिक व्याख्या ऐसी राज्य सरकारों के लिए एक सबक है, जो इन कानूनों को ताक पर रखकर मनमानी करती हैं। इस दृष्टि से ओडिशा की नियमगिरी की पहाड़ियों पर सर्वोच्च न्यायालय ने बॉक्साइट के उत्खनन की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। यहां गौरतलब है कि न्यायालय ने खुद व्यापार की कोई नई कानूनी संहिता नहीं रची थी, बल्कि अदालत ने पहले से ही प्रचलन में आए 'पंचायती राज अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम' (पेसा) और आदिवासी एवं अन्य वनवासी भूमि अधिकार अधिनियम; वनाधिकार कानून में तय मानदण्डों के आधार पर ही अपना फैसला दिया था। अदालत ने केवल यह रेखांकित किया था कि इन कानूनों के तहत आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय खनिज संपदाओं के उपयोग के संबंध में ग्रामसभाएं पूरी तरह अधिकार संपन्न हैं और उनकी अनुमति के बिना कोई कंपनी या राज्य सरकार बेज़ा दखल नहीं दे सकती है। साथ ही, कार्यपालिका ग्रामसभा के निर्णय को मौके पर पालन कराने के लिए बाध्यकारी है। इस फैसले के बाद वेदांता समूह को मिले खनन के अधिकार पर ग्रहण लग गया



था। इससे गांव में जमीन पर सामुदायिक हक किसका है, यह निर्धारित करने का निर्णय ग्राम सभाओं को मिल गया था। इससे पहले इसी आधार पर 2009 में अरावली पर्वत श्रृंखलाओं में खनन पर रोक लगा चुकी थी। ग्राम सभाओं के इसी महत्व को अंगीकार करते हुए कर्नाटक के बेल्लारी, तुमकुर और चित्रांगदा जिलों में लौह अयस्क उत्खनन के 50 पट्टे भी शीर्ष न्यायालय ने रद्द कर दिए थे। अदालत के इस लोकतांत्रिक एवं जनहितैषी कानून सम्मत फैसले से इस अवधारणा को शक्ति मिली थी कि जिन मूल निवासियों के संसाधनों पर परियोजनाएं स्थापित होनी हैं, उन्हें लगाने या न लगाने का अधिकार पंचायत अधिनियम में दर्ज ग्राम सभाओं को है। ग्राम सभाएं निर्णय लेने को पूरी तरह स्वतंत्र हैं। चूंकि आदर्श युवा ग्राम सभाओं में ऐसे विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत गतिविधि आधारित और अनुभवजन्य शिक्षा पर बल देती है। इस प्रशिक्षण का लक्ष्य छात्रों में संवैधानिक मूल्यों, दायित्वों के प्रति सम्मान के साथ देश के प्रति भावनात्मक जुड़ाव विकसित करना है। इसीलिए इन आदर्श युवा ग्राम सभाओं में जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय और अन्य सरकारी विद्यालयों के नौवीं एवं दसवीं के छात्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। क्योंकि यही संस्थान समाज के विविध वर्गों का प्रतिनिधित्व करते है। अतएव इस पहल का दायरा सभी ग्रामीणों से लेकर जनजातीय समुदाओं तक फैला हुआ है। चूंकि संविधान के 73वें संशोधन ने पंचायती राज व्यवस्था में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के आरक्षण के साथ इन समुदायों की महिलाओं को भी आरक्षण की सुविधा प्राप्त है। इसीलिए ग्राम पंचायतों को भारत की विविधता का वास्तविक प्रतिबिंब माना जाता है। निश्चित ही यह लोक-कल्याणकारी निर्णय ग्रामीण जनसमूहों में चेतना का आधार बनेगा और ग्राम विकास में ग्राम सभा की भूमिका मजबूत होगी। साथ ही इस ऐतिहासिक फैसले के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकारों और उद्योगपतियों को यह संदेश लेने की जरूरत है कि वे अब अपेक्षाकृत ज्यादा मानवीय और समावेशी विकास की पक्षधर दिखें ? तभी विकेंद्रीकृत पंचायती राज प्रणाली में कानून की सार्थकता सिद्ध होगी। युवाओं द्वारा स्वप्न देखना स्वाभाविक लक्षण है। लेकिन प्रचार के जरिए देश में माहौल कुछ ऐसा बना दिया गया है कि सरकारी अथवा निजी क्षेत्र में नौकरी करना ही जीवन की सफलता है। परंतु यह प्रयोग प्रशिक्षित युवा वर्ग में निर्वाचन के जरिए पंचायती राज व्यवस्था में प्रशासनिक अधिकार प्राप्त कर लेने की उम्मीद जगाता है। यदि इन युवाओं को पर्याप्त अवसर मिलते हैं, तो उनमें पंचायती राज की कमियों को दूर करने की क्षमता तो दिखाई देगी ही, वे आलोचनात्मक सोच के माध्यम से चुनौतियों की पहचान कर उनके उचित समाधान के प्रति भी प्रतिबद्ध दिखाई देंगे। कह सकते हैं कि युवा सरकारी नौकरी पाने की बजाय ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचार एवं स्वावलंबन का बड़ा आधार बनेंगे। पंचायती राज में इन युवाओं की भूमिका इसलिए भी अहम रूप में रेखांकित होगी, क्योंकि अब वर्तमान नीतिगत तकनीकी उपायों और कृत्रिम बुद्धि कंप्यूटर से चलने वाले प्रशासन के जरूरी हिस्सा हो गए हैं। इनका सही इस्तेमाल निरीक्षण और अशिक्षित पंचायत प्रतिनिधि की बजाय सुशिक्षित एवं तकनीक का जानकार निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि कहीं ज्यादा कारगर एवं परिणाम मूलक उपयोग कर पाएंगे। अतएव आदर्श युवा ग्राम सभा एक रूपांतरणकारी दौर से गुजरेगी और इस स्थानीय शासन-प्रशासन व्यवस्था में लोकतांत्रिक मूल्य मजबूत होंगे। भारत जब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में है, तब पंचायती राज की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करना जरूरी हो जाता है।

*( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

महिला क्रिकेट
विवेक शुक्ला



# छोटे शहरों की बेटियां करतीं सपने साकार

बीते 2 नवंबर का वह ऐतिहासिक पल, जब नवी मुंबई के दर्शकों से खचाखच भरे डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार आईसीसी महिला ओडीआई विश्व कप पर कब्जा जमाया। गौर करें कि इस विजयी टीम की अधिकांश खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण इलाकों से आ रही हैं। क्या यह संकेत है कि अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रो से भारत को बड़े खिलाड़ी मिलेंगे? बिल्कुल हां। अगर भारतीय क्रिकेट के गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि हमारे देश की क्रिकेट का इतिहास हमेशा से बड़े महानगरों जैसे मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई के इर्द-गिर्द घूमता रहा है। छोटे शहरों से आने वाले खिलाड़ी अपवाद थे। महिला क्रिकेट में भी यही सिलसिला चला। 1980-90 के दशक में मिताली राज (हैदराबाद) या झूलन गोस्वामी (कोलकाता के उपनगर से) जैसी दिग्गजों ने रास्ता दिखाया, लेकिन टीम का कोर हमेशा बड़े शहरों से ही रहा। लेकिन 2025 विश्व कप की भारतीय टीम में परिवर्तन स्पष्ट है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड में कम से कम 10 खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं। उदाहरण के लिए, शेफाली वर्मा का संबंध रोहतक से है, जहां क्रिकेट अकादमियां सीमित हैं। शेफाली ने स्थानीय क्लब से शुरुआत की और 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। इसी तरह, दीप्ति शर्मा आगरा से हैं, जहां ताजमहल की छाया में क्रिकेट का सपना देखना आसान नहीं था। दीप्ति ने घर पर ही नेट प्रैक्टिस की शुरुआत की, और आज वे विश्व कप की हीरो हैं। नई पीढ़ी की ये लड़कियां और भी प्रेरणादायक हैं। उमा चेत्री, असम के सिलचर जिले के एक छोटे से गांव से, जहां बाढ़ और गरीबी आम हैं, ने विकेटकीपिंग में अपनी छाप छोड़ी। उनकी कहानी फिल्मी लगती है, स्कूल के मैदान पर गेंद पकड़ते हुए सपने बुनना, फिर राज्य स्तर पर चयन, और विश्व कप फाइनल में योगदान। मध्य प्रदेश के छतरपुर से आती हैं क्रांति गौड़, जिन्होंने खेतों के बीच गेंदबाजी सीखी। वे स्पिनर हैं और विश्व कप में अपनी किफायती गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका को परेशान किया। श्री चरनी आंध्र प्रदेश के एक पिछड़े क्षेत्र से संबंध रखती हैं, जहां क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर न के बराबर है। ये नाम न सिर्फ टीम की ताकत हैं, बल्कि छोटे शहरों की प्रतिभाओं का प्रमाण है। भारतीय महिला टीम के 2025 स्क्वॉड में 70 फीसदी खिलाड़ी गैर-महानगरीय पृष्ठभूमि से हैं, जो 2017 विश्व कप स्क्वॉड (जिसमें 40 फीसदी थे) से दोगुना है। यह बदलाव रातोंरात नहीं हुआ। कई कारक जिम्मेदार हैं। सबसे पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का महिला क्रिकेट पर बढ़ता फोकस। 2013 के बाद से, बीसीसीआई ने घरेलू टूर्नामेंट्स जैसे सीनियर महिला ट्रॉफी और सुपर लीग में छोटे राज्यों को अधिक मौके दिए। इससे झारखंड, असम, तेलंगाना जैसे राज्यों से प्रतिभाएं उभरीं। दूसरा, डिजिटल क्रांति का योगदान। यूट्यूब, इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर कोचिंग वीडियो उपलब्ध होने से छोटे शहरों की लड़कियां घर बैठे सीख रही हैं। तीसरा, सरकारी योजनाएं। 'खेलो इंडिया' और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी पहलों ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया। असम सरकार ने उमा चेत्री जैसे खिलाड़ियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति दी। चौथा, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का प्रभाव। 2023 से शुरू हुई डब्ल्यूपीएल ने छोटे शहरों की लड़कियों को प्लेटफॉर्म दिया, जहां वे बड़े कोचों से सीख सकें। लेकिन चुनौतियां भी हैं। छोटे शहरों में सुविधाओं की कमी, जैसे अच्छे ग्राउंड, कोचिंग सेंटर या यहां तक कि सुरक्षित यात्रा, अभी भी बाधा हैं। लैंगिक पूर्वाग्रह भी एक मुद्दा है; कई परिवारों में लड़कियों को क्रिकेट खेलने की अनुमति देना ही बड़ी जीत होती है। फिर भी, ये बेटियां साबित कर रही हैं कि सपने शहर की सीमा नहीं मानते। विश्व कप जीत के बाद, रोहतक में शेफाली के सम्मान समारोह में हजारों लड़कियां मैदान पर उतरीं, जो भविष्य की प्रतिभाओं का संकेत है। यह ट्रेंड सिर्फ महिला क्रिकेट तक सीमित नहीं। पुरुष क्रिकेट में भी छोटे शहरों से खिलाड़ी आ रहे हैं। लेकिन महिलाओं में यह ज्यादा तेजी से हो रहा है, क्योंकि क्रिकेट अब लैंगिक बाधाओं को तोड़ रहा है। कुल मिलाकर बात ये है कि अब छोटे शहरों से भारत के बड़े खिलाड़ी आने लगे हैं। 2025 महिला विश्व कप जीत इसका जीवंत प्रमाण है। यह बदलाव क्रिकेट को अधिक समावेशी बना रहा है, जहां प्रतिभा का जन्म स्थान मायने नहीं रखता। लेकिन इसके लिए हमें और निवेश चाहिए, ग्रामीण अकादमियां, महिला कोचिंग प्रोग्राम और जागरूकता। जैसा कि हरमनप्रीत कौर ने फाइनल के बाद कहा, 'यह जीत उन सभी छोटे शहरों की बेटियों के लिए है जो सपने देख रही हैं।'

*( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
**दर्शन**

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

## तुलसीदास ने बताया श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जीरो टैक्स या पूर्ण नेट बैंकिंग में छिपी देश की समृद्धि

जीरो टैक्स से व्यापारी अपनी ताकत हिसाब-किताब में लगाने के बजाय, व्यापार पर और अधिक तवज्जो देने के साथ-साथ, प्रतिदिन अधिक से अधिक धन बैंक में जमा करवा सकता है। इससे देश में धन संचालन और अधिक बढ़ जाएगा, जो विकास को चार चांद लगा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यक्तिगत विकास से लेकर समूचे देश के विकास में धन ही रीढ़ की हड्डी तुल्य है। अभी हमारे नीति निर्धारकों को जीरो टैक्स का औचित्य शायद अटपटा लगे, तो विकल्प के रूप में पैसे का लेन-देन पूर्णतः नेट बैंकिंग के द्वारा हो जाए, तो करदाता हिसाब-किताब से अनिश्चितता की तलवार से निश्चित ही राहत पाएगा। फलस्वरूप भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा तथा देश समृद्ध होगा। *- विनोद गुप्ता, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बिहार में 'स्वर्णयुग'



आरजेडी के 15 वर्षों के कुशासन ने बड़े-बड़े दुर्दांत जातीय नरसंहार बिहार के अंदर करवाए थे। यहां अधिकारी नहीं, अपराधी सत्ता के समानांतर व्यवस्था का संचालन करते थे। मगर आज एनडीए के नेतृत्व में बिहार का 'स्वर्णयुग' चल रहा है। यहां एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### अवैध संपति



जिनके करीबी और सहायक अधिकारी के पास 100 करोड़ की अवैध संपति मिली है तो सोचिए उनके पास खुद कितनी दौलत होगी और उनके उस 'ऊपरवाले' के पास कितनी, जिनके आशीर्वाद से वो बचे हैं।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### सबसे बड़ा आदिवासी



हेमंत सोरेन ने हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद उनके बेटे हाफिजुल हसन को मंत्री बनाया था, लेकिन रामदास सोरेन के निधन के बाद उनके बेटे को मंत्री नहीं बनाया क्योंकि रामदास सोरेन आदिवासी थे। हेमंत खुद को सबसे बड़ा आदिवासी समझते हैं, बाकी आदिवासियों को हीन समझते हैं।
**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

### महिलाओं के अधिकार



भारतीय महिलाओं को कितनी बार अपनी ताकत, लचीलापन और अपने राष्ट्र का सच्चा गौरव साबित करना पड़ता है? और फिर भी उन्हें अपनी गरिमा, सम्मान और अपने अधिकारों के लिए लड़ना पड़ता है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# पाक में पुरातात्विक खुदाई में आठ स्थलों का पता चला



पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्वात से तक्षशिला तक फैले क्षेत्र में चल रही पुरातात्विक खुदाई के दौरान आठ प्राचीन स्थलों का पता चला है जिसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इटली के पुरातत्वविदों ने खैबर पख्तूनख्वा पुरातत्व निदेशालय के सहयोग से इन प्राचीन स्थलों का पता लगाया है। स्वात के बारिकोट में लगभग 1,200 साल पुराने एक छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं, जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत का दुर्लभ प्रमाण है। इतालवी पुरातत्व मिशन के निदेशक डॉ. लुका ने बताया कि बारिकोट (प्राचीन बज़ीरा) में खुदाई के दौरान छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर और आसपास की पुरातात्विक परतों के चारों ओर एक सुरक्षात्मक 'बफर ज़ोन' स्थापित करने के लिए खुदाई क्षेत्र का विस्तार स्वात नदी की ओर कर दिया गया है। 'खैबर पथ परियोजना' नामक इस तीन वर्षीय पहल के तहत, 400 से अधिक स्थानीय श्रमिकों को खुदाई, संरक्षण और विरासत प्रबंधन में व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। एक जून से शुरू हुई इस परियोजना का उद्देश्य प्रांत में क्षेत्रीय विकास, व्यावसायिक क्षमता निर्माण और पर्यटन को बढ़ावा देना है।

## ऑफ बीट

# मानव- मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है



दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव-मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है - और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है - कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं। न दांत और न नुकीले पंजे होने के कारण, वे तुरंत खतरनाक भी नहीं लगते, जबकि उनमें से कई की त्वचा का रंग सुंदर होता है और कुछ अविश्वसनीय रूप से छोटे होते हैं। मेंढक वास्तव में प्राकृतिक दुनिया के गहनों में से हैं, टोड के विपरीत, जो - अपने अधिक सांसारिक रंगों और 'मस्सेदार त्वचा' के साथ - आमतौर पर अधिक लोगों का पसंद नहीं आते हैं। इनकी सुंदरता हमें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने वर्षावनों में अधिकांश लोगों की दृष्टि से छिपी जीवंत प्रकृति की व्यापक संपदा से जोड़ती है। और वे हमें हमारे अपने आंगन में प्रकृति से भी जोड़ते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ‘ग्रीन खेल’ से पर्यावरण चेतना जगाएंगे, स्वदेशी व भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित करेंगे

## यह महोत्सव महज़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौकाः आर्यवीर

भारत गोल्फ महोत्सव 8 व 9 नवंबर को जबलपुर में




आर्यवीर आर्या

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भारत गोल्फ महोत्सव का जबलपुर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रायपुर में हुआ था और इस गौरवपूर्ण यात्रा का समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगा। इस महोत्सव का उद्देश्य न केवल गोल्फ खेल को बढ़ावा देने के साथ, राष्ट्रीय और सामाजिक हितों के लिए काम करना है। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी आर्यवीर आर्या ने ‘हरिभूमि’ से बातचीत में इस महोत्सव के बहुआयामी उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महोत्सव महज़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौका है, और गोल्फ जैसे शानदार खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का एक प्रयास है। इस आयोजन का मुख्य केंद्र-बिंदु सामाजिक चेतना है, जिसके तहत ग्रीन खेल के माध्यम से पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। मेक इन इंडिया का प्रमोशन करने के लिए स्वदेशी और भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। गोल्फ महोत्सव में शिक्षा के प्रसार और गुणवत्ता को बढ़ावा देने के साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर रखकर खेल के मैदान से जोड़ना भी है। आर्यवीर ने बताया कि लोगों में बढ़ता मोटापा आज के समय की बहुत बड़ी समस्या है, लिहाजा इस समस्या के प्रति भी लोगों को जागरुक करना इस आयोजन का एक अहम उद्देश्य है।

हरिभूमि चर्चा

### वीरभूमि पर शौर्य और खेल का संगम



उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 8 और 9 नवंबर को जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन आर्मी क्षेत्र (एप्टा) में किया जाएगा, जो इसे और भी विशेष बनाता है। इस आयोजन के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि, युवा स्क्रीन से निकलकर खेल के मैदान में आएं और शारीरिक गतिविधियों को अपनाएं। आर्या ने बताया कि यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह देश के वीर जवानों के बीच हो रहा है। इस दौरान वीर नारियों का सम्मान कर इस कार्यक्रम को और भी ज्यादा गौरवमय बनाया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य खेल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण

### जुनून को सेलिब्रेट करने का आह्वान

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने देश भर के खेल प्रेमियों, युवाओं और नागरिकों से अपील की है कि वे इस महोत्सव से जुड़ें। यह आयोजन सिद्ध करता है कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, स्वास्थ्य जागरुकता और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम भी है।

# वर्ल्ड कप जीतने के बाद शेफाली को मिली उत्तर क्षेत्र की कप्तानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



महिला वनडे विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा को नगालैंड में शुरू हो रही सीनियर अंतरक्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी के लिए उत्तर क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को नवी मुंबई में खेले गए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 21 वर्षीय शेफाली ने 87 रन बनाने के अलावा 36 रन देकर दो विकेट भी लिए और उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने यह मैच 52 रन से जीत कर पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। शेफाली को चोटिल प्रतिका रावल की जगह सेमीफाइनल से पहले टीम में दिया गया था। नगालैंड में चार से 14 नवंबर तक होने वाली सीनियर महिला अंतरक्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी में छह टीमें हिस्सा लेंगी। बीसीसीआई की क्षेत्रीय चयन समितियों ने अपनी-अपनी टीमों का चयन किया।

■ नगालैंड में खेली जाएगी सीनियर अंतरक्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी

# यशस्वी ने 120 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से पूरा किया शतक

# रणजी ट्रॉफी में जायसवाल के 1 हजार रन पूरे, राजस्थान के खिलाफ ठोकी सेंचुरी

एजेंसी ▶▶ जयपुर



23 साल के यशस्वी जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले रणजी ट्रॉफी में कमाल कर दिया। जायसवाल ने रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई के लिए शानदार शतक जड़ा। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बड़ी पारी खेली। इसी के साथ मुंबई के लिए उनके नाम 1 हजार रणजी ट्रॉफी रन हो गए हैं।

मुंबई की पहली पारी 254 रन पर सिमटने के बाद राजस्थान ने छह विकेट पर 617 रन बनाकर अपनी पहली घोषित की। इसके बाद दूसरी पारी में तीसरे दिन यशस्वी ने अर्धशतक पूरा कर लिया था। चौथे दिन यानी मंगलवार को अपनी पारी को आगे बढ़ाते हुए जायसवाल ने शतक पूरा किया। जायसवाल ने चौथे दिन 120 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया।

यह शतक जायसवाल का 2019 में डेब्यू के बाद से रणजी ट्रॉफी में केवल 21 पारियों में मुंबई के लिए पांचवां शतक है। 23 साल के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कुल 17 फर्स्ट क्लास शतक लगाए हैं, जिसमें सात टेस्ट शतक शामिल हैं।

### हरियाणा ने गुजरात को चार विकेट से हराया

**अहमदाबाद।** निचले क्रम के बल्लेबाजों पार्थ वत्स और यशवर्धन दलाल की उम्दा पारियों से हरियाणा ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे और अंतिम दिन स्पिन की अनुकूल पिच पर गुजरात को चार विकेट से हरा दिया।
गुजरात के 62 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा ने दो रन पर ही दो विकेट गंवा दिए। दोनों सलामी बल्लेबाज लक्ष्य दलाल और कप्तान अंकित कुमार चौथे ओवर तक ही पवेलियन लौट गए जबकि मयंक शांडिल्य (03) और निशांत सिंधू (13) भी नाकाम रहे, जिससे हरियाणा का स्कोर 23वें ओवर में छह विकेट पर 43 रन हो गया। विकेटकीपर यशवर्धन (नाबाद 14) और वत्स (नाबाद 13) ने हालांकि टीम का स्कोर छह विकेट पर 62 रन तक पहुंचाकर हरियाणा को जीत और छह अंक दिला दिए। बाएं हाथ के स्पिनरों विशाल जायसवाल (23 रन पर तीन विकेट) और सिद्धार्थ देसाई (25 रन पर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट चटकाए।

### रेलवे ने हासिल किए तीन अंक असम को मिला एक अंक



गुवाहाटी में वर्षा से प्रभावित मैच में रेलवे के 224 रन के जवाब में असम की टीम 209 रन ही बना सकी। रेलवे ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए जबकि असम को एक अंक मिला। असम की ओर से स्वरूपम पुरकायस्थ ने नाबाद 121 रन बनाए। रेलवे की तरफ से आदर्श सिंह ने 48 रन पर छह विकेट चटकाए। रेलवे ने जब दूसरी पारी में एक विकेट पर 97 रन बनाए थे तब दोनों कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए।

### त्रिपुरा की बंगाल पर महत्वपूर्ण बढ़त

अगरतला में त्रिपुरा ने बंगाल के 336 रन के जवाब में 385 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की और तीन अंक जुटाए। बंगाल को एक अंक मिला।
बंगाल ने दूसरी पारी में जब तीन विकेट पर 90 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए। त्रिपुरा की ओर से कप्तान मणिपुर मूरासिंह ने नाबाद 102 जबकि हनुमा विहारी ने 141 रन बनाए।

### उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया

दिल्ली में हुए ग्रुप सी के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया। उत्तराखंड के 123 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सेना की टीम 105 रन पर सिमट गई।

# शतरंज विश्वकप के दूसरे दौर में पहुंचे ग्रैंडमास्टर नारायणन




**पणजी।** भारत के एसएल नारायणन ने पेरू के स्टीवन रोजास को हराकर शतरंज विश्वकप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। वह टाई ब्रेकर के जरिए राउंड ऑफ-128 में पहुंचने वाले पहले गैरवरीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पेरू के ग्रैंडमास्टर स्टीवन रोजास को 3-1 से मात दी। पहले दो मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद उन्होंने शानदार खेल दिखाया और दो मुकाबले अपने नाम किए। अब उनका मुकाबला इंग्लैंड के निकिता वित्यूगोव से होगा। उनके बाद भारत के दिप्तायन घोष ने चीन के पेंग शियोंगजियन से दोनों टाई-ब्रेकर गेम जीतकर क्वालिफाई किया। वह दूसरे दौर में अमेरिकी इयान नेपोम्नियाची से भिड़ेंगे।

# आईसीसी विश्व कप टूर्नामेंट टीम में स्मृति, जेमिमा दीप्ति शामिल, हरमनप्रीत को नहीं मिली जगह



**दुबई।** महिला वनडे विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाने वाली स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की घोषित की गई टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है। इस टीम में भारत की महिला क्रिकेट टीम के कप्तान हरमनप्रीत को जगह नहीं मिली है।दक्षिण अफ्रीका की तीन खिलाड़ियों को टूर्नामेंट की टीम में जगह मिली है। इनमें उसकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट भी शामिल हैं। लौरा ने 71.37 की औसत से 571 रन बनाकर किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

**दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से किया प्रभावितः** सलामी बल्लेबाज मंधाना ने 54.25 की औसत से एक शतक और दो अर्द्धशतक की मदद से 434 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर रही। रोड्रिग्स ने एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 58.40 की औसत से 292 रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से प्रभावित किया। उन्होंने 30.71 की औसत से 215 रन बनाने के अलावा 20.40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट हासिल किए। दीप्ति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा 39 रन देकर पांच विकेट भी लिए।

# ओलंपिक खेल में 49 किग्रा भार वर्ग से हटी मीराबाई चानू, अब 53 किग्रा में कड़ी चुनौती



**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू का 49 किग्रा का भार वर्ग 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों से हटा दिया गया है और अब उन्हें 53 किग्रा वजन वर्ग में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा लेकिन वह इसके लिए तैयार हैं। चानू ने तोक्यो ओलंपिक में 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ओलंपिक में भारोत्तोलन स्पर्धाओं की कुल संख्या 12 कर दी है, जिससे 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में महिलाओं के लिए न्यूनतम वर्ग अब 53 किग्रा है।

### वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद

भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि 53 किग्रा तक वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद होगा लेकिन उन्होंने कहा कि मणिपुर की यह खिलाड़ी अगले साल एशियाई खेलों तक अपने पुराने वजन वर्ग में ही खेलती रहेगी। शर्मा ने कहा, ‘यह (49 किग्रा वजन वर्ग को हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है क्योंकि अपना वजन 48 किग्रा तक कम करना काफी कठिन प्रक्रिया थी।’ अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने कहा, ‘आईओसी के लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में भारोत्तोलन कार्यक्रम को बढ़ाने के उत्साहजनक फैसले के बाद अब 12 स्पर्धाएं (छह पुरुष, छह महिलाएं) आयोजित की जाएंगी।’

# राइजिंग एशिया कप टीम में वैभव सूर्यवंशी की एंट्री, जितेश कप्तान



**नई दिल्ली।** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आईपीएल में अपनी चमक बिखरने वाले प्रियांश आर्य को इस महीने दोहा में होने वाले राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को 14 से 23 नवंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।भारत ए को ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान ए के साथ ग्रुप बी में रखा गया है, जबकि ग्रुप ए में बांग्लादेश ए, हांगकांग, अफगानिस्तान ए और श्रीलंका ए शामिल हैं। भारत ए टीम 14 नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद 16 नवंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से खेलेगी। जितेश अभी पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं। भारत ए टीम में उन खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गई है, जिन्होंने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। इनमें 14 वर्षीय सूर्यवंशी भी शामिल हैं, जिन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया था। जितेश आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा थे।

# एशिया कप विवाद : रऊफ पर दो मैच का प्रतिबंध, सूर्यकुमार पर जुर्माना और बुमराह को डिमेरिट अंक

**दुबई।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर सितंबर में एशिया कप के दौरान खेल की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए मंगलवार को जुर्माना लगाया गया। टूर्नामेंट के दौरान चार डिमेरिट अंक लगाये जाने से रऊफ को दो एकदिवसीय मैच के लिए निलंबित भी किया गया। रऊफ को भारत के खिलाफ दो अलग अलग घटनाओं के लिये 30 . 30 प्रतिशत जुर्माने की अलग अलग सजा सुनाई गई । इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मंगलवार से शुरू हुई वनडे श्रृंखला में दो मैचों के लिये वह प्रतिबंधित रहेंगे । वह छह नवंबर को होने वाले दूसरे मैच में भी नहीं खेलेंगे। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है । उन्हें खेल की साख को नुकसान पहुंचाने का दोषी पाया गया । उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता और भारतीय सशस्त्र बलों को समर्थन जताया था । रऊफ को इन दो घटनाओं के लिए चार डिमेरिट अंक मिले जिन्हें आईसीसी के नियमों के अनुसार दो निलंबन अंक में बदल दिया गया। जसप्रीत बुमराह पर भी एक डिमेरिट अंक लगाया गया क्योंकि फाइनल में रऊफ को बोल्ड करने के बाद उन्हें ‘विमान गिरने’ का इशारा किया था। सूर्यकुमार पर उनकी टिप्पणियों के लिए 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा इसकी खबर सबसे पहले 26 सितंबर को पीटीआई ने दी थी। रऊफ को 14 सितंबर के मैच में विमान गिरने को दर्शाने वाले आपत्तिजनक इशारे करने का दोषी पाया गया था। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सैन्य कार्रवाई का मजाक उड़ाया था और पाकिस्तान के इस दावे का हवाला दिया था कि इस झड़प के दौरान छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया था।

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) CV4225733(SURENDER KUMAR) ALBUS REG.NO.HR61C0050-YOM-2020 RESERVE PRICE- 776878/-
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS “AS IS WHERE IS CONDITION” INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 19.11.2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOUD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT: MR. PRADEEP MALIK / GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO.+91-9896009696 // 9671300231
EMAIL -pradeep.malik@kotak.com
Goverdhan.Joshi@kotak.com

BREEZ BUILDERS & DEVELOPERS GCC INFRA

उन आवेदकों की सूची जिन्होंने मांग की तारीख से 15 दिनों के बाद उन्हें जारी नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं किया है। निम्नलिखित आवेदकों को इस रद्दीकरण को रोकने के लिये इस विज्ञापन के माध्यम से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करने के लिये सूचित किया जाता है। सभी आवेदकों जिनके भुगतान निश्चित समय के भीतर प्राप्त नहीं किये जाते हैं, उन्हें आवंटित फ्लैटों का अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013 के अनुसार आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।

Global Heights, Sector 88A, Gurugram

LICENCE NO. 77 OF 2021

| Form No. | No. |
|---|---|
| 35511 | T 5 - 604 |
| 36129 | T 8 - 607 |
| 35584 | T 5 - 1108 |
| 35812 | T 2 - 1406 |
| 34966 | T 2 - 506 |
| 35254 | T 6 - 206 |
| 35544 | T 3 - 905 |
| 10054 | T 3 - 204 |

नोटः पहले ही भुगतान किये जाने पर सावधानी से अनदेखा करें।

Corporate Office: Unit No 7th B, 7th Floor, Ireo Grand View Tower, Sector 58, Gurugram 122002
Ph: 0124 6980076

उत्तर रेलवे
ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ATM-UMB-UMB-Gen-33-25-1 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 2 | ATM-UMB-UBC-Gen-36-25-1 | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु सर्कुलेटिंग एरिया में स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 3 | ATM-UMB-UBC-Gen-35-25-1 | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु सर्कुलेटिंग एरिया में स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 4 | ATM-UMB-MET-Gen-29-25-1 | मलेरकोटला रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 5 | ATM-UMB-MET-Gen-30-25-1 | मलेरकोटला रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 6 | ATM-UMB-PTA-Gen-28-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना हेतु स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 7 | ATM-UMB-SAG-Gen-37-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 8 | ATM-UMB-SAG-Gen-26-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 9 | ATM-UMB-YJUD-Gen-38-25-1 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना हेतु इंक्वायरी के नजदीक 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 10 | ATM-UMB-AADR-Gen-25-25-1 | अम्ब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 11 | ATM-UMB-NLDM-Gen-24-25-1 | नंगल डेम रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 12 | ATM-UMB-RPAR-Gen-23-25-1 | रूप नगर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 13 | ATM-UMB-ANSB-Gen-21-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 14 | ATM-UMB-ANSB-Gen-22-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 15 | ATM-UMB-SIR-Gen-19-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 16 | ATM-UMB-SIR-Gen-20-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 17 | ATM-UMB-RPJ-Gen-41-25-1 | स्थान – ए (साइट–2) पर राजपुरा रेलवे स्टेशन पर यूटीएस/पीआरएस हॉल के बाहर एटीएम की सुविधा के लिए स्थान का आवंटन (संरचना के बिना) (साइट प्लान के अनुसार)। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 18 | ATM-UMB-RPJ-Gen-40-25-1 | स्थान – ए (साइट–1) पर राजपुरा रेलवे स्टेशन पर यूटीएस/पीआरएस हॉल के बाहर एटीएम की सुविधा के लिए स्थान का आवंटन (संरचना के बिना) (साइट प्लान के अनुसार)। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 19 | MSS-UMB-UMB-MedStn.-39-25-1 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 345 वर्ग फुट क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ईएमआर) की स्थापना, संचालन और रखरखाव। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 20 | MMS-HRC-202686-1-25-1 | ट्रेन संख्या 12045/46 चंडीगढ़–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस के सभी एक्जीक्यूटिव क्लास और चेयर कार क्लास कोचों के सभी सीटों पर हेडरेस्ट कवर के प्रावधान के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (संबद्ध कोच संरचना के अनुसार)। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 21 | MSS-UMB-PTA-MaChr- 34-25-1 | रेलवे स्टेशन पटियाला पर भुगतान के आधार पर 10'x 12' के कुल क्षेत्रफल के लिए इलेक्ट्रॉनिक रिलैक्सेशन चेयर्स का प्रावधान और संचालन (साइट प्लान के अनुसार)। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 22 | MSS-UMB-PTA-Hlthk-33-25-2 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर 12'x12' के कुल क्षेत्रफल का स्वास्थ्य एटीएम कियोस्क स्थापित करना। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 23 | ADVT-Int-240044-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52457/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 24 | ADVT-Int-239887-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52455/56 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 25 | ADVT-Int-98543-2-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52451/52 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 26 | ADVT-Int-273108-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52453/54 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 27 | ADVT-Int-132321-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52459/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 28 | ADVF-EFF-137547-7-25-1 {Advertising-Train Exterior (Full Face)} | ट्रेन संख्या 14523/24 (UMB-BJU एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 29 | ADVF-EFF-100891-5-25-1 {Advertising-Train Exterior (Full Face)} | ट्रेन संख्या 14525/26 (UMB-SGNR एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 30 | ADVT-UMB-SML-OH-306-24-1 (Advertising - Out of Home) | शिमला रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल 5 स्थल, जिनका कुल क्षेत्रफल 1028 वर्ग फुट है। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 31 | ADVT-UMB-AADR-OH-316-25-1(Advertising -Out of Home) | अंबअंदौरा रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल 12 स्थल, जिनका कुल क्षेत्रफल 864 वर्ग फुट है। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 32 | ADVT-UMB-RPAR-OH-315-25-1 (Advertising - Out of Home) | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल 6 स्थल, जिनका कुल क्षेत्रफल 864 वर्ग फुट है। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 33 | ADVT-UMB-ANSB-OH-318-25-1 (Advertising -Out of Home) | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल 13 स्थल, जिनका कुल क्षेत्रफल 1872 वर्ग फुट है। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 34 | ADVT-UMB-SRE-OSD-311- 24-1 {Advertising-On station premises (Digital)} | सहारनपुर स्टेशन पर यूटीएस हॉल के ऊपर 01 (एक) डिजिटल मीडिया, आकार 30'x5' (एकतरफा). कुल क्षेत्रफल = 150 वर्ग फुट। | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |
| 35 | ADVT-UMB-BTI-OSN-314-25-1 (Advertising-On station premises-Non Digital) | बठिंडा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 5, 6 और 7 पर 1014 वर्ग फुट क्षेत्र में गैर–डिजिटल वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 17.11.2025 11:30:00 hrs. |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
3426/25

सेना प्रमुख ने कहा कि रोबोट और डेटा वॉरफेयर ने भी इन्फैंट्री को नई दिशा दी है। इसकी एक मजबूत तस्वीर खड़गा कोर में देखने को मिलती है। यहां ड्रोन जैसी तकनीक को व्यापक स्तर पर उपयोग में लाया जा चुका है

सीमा से ड्रोन फ्रंट तक भारत की तैयारी

# थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने खड़गा कोर का किया दौरा, सैनिकों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी लगातार सैन्य तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। बीते दिनों कई सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर चुके सेना प्रमुख ने अब ड्रोन तैयारियों का निरीक्षण किया। थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने हरियाणा के अंबाला स्थित खड़गा कोर का दौरा किया। यहां उन्होंने ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्हें युद्धक क्षमता को सुदृढ़ करने, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के एकीकरण, अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाने तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़ी पहलों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्धों के तौर तरीके व तकनीक लगातार बदल रही है। अब पारंपरिक युद्धों की भांति जंग केवल बंदूक व तोपों तक सीमित नहीं रह गई है। आज के युद्धों में ड्रोन व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

## वर्तमान युद्ध में ड्रोन व एआई अहम भूमिका में


थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जवानों से की बात

### उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की

सेनाध्यक्ष ने जहां यहां ड्रोन तैयारियों की जानकारी ली वहीं उन्होंने कोर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना भी की। उन्होंने ड्रोन डिजाइन एवं प्रशिक्षण में नवाचार, रसद और प्रशासन में उन्नत तकनीकी समाधान अपनाने, पूर्व सैनिकों व परिवारों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा ऑपरेशन राहत के अंतर्गत मानवीय सहायता गतिविधियों की प्रशंसा की।

## मानवीय सहायता गतिविधियों की प्रशंसा की



ड्रोन तैयारियों की जानकारी लेते हुए सेनाध्यक्ष जनरल द्विवेदी

### अटूट समर्पण की प्रशंसा की

यहां मौजूद सभी अधिकारियों और जवानों के साथ बातचीत के दौरान, जनरल द्विवेदी ने उनकी पेशेवर दक्षता, निष्ठा और राष्ट्र सेवा के प्रति अटूट समर्पण की प्रशंसा की। भारतीय सेना की शक्ति उसके कर्मयोगियों की प्रतिबद्धता, साहस और अनुशासन में निहित है, और यही भावना सेना को हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाती है।

नौसेना प्रमुख त्रिपाठी का दावा

## नौसेना 40 दिन में एक नया स्वदेशी युद्धपोत या पनडुब्बी शामिल कर रही

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को कहा कि नौसेना में हर 40 दिन में एक नया स्वदेशी युद्धपोत या पनडुब्बी शामिल की जा रही है। उन्होंने सुरक्षा संबंधी विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए समुद्री क्षेत्र में संप्रभु क्षमता निर्माण के प्रयासों को भी रेखांकित किया। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना ने 'आत्मनिर्भरता' को न केवल रणनीतिक अनिवार्यता के रूप में अपनाया है, बल्कि भविष्य के आश्वासन के लिए एक निवेश के रूप में भी अपनाया है। उन्होंने कहा कि बल का लक्ष्य 2035 तक 200 से अधिक युद्धपोतों और पनडुब्बियों का संचालन करना है।


नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी

### *2035 तक 200 से अधिक जहाज बनाने का लक्ष्य*

*उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना अपनी समग्र शक्ति को बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, "औसतन, हर 40 दिन में भारतीय नौसेना में एक नया स्वदेशी युद्धपोत या पनडुब्बी शामिल की जा रही है। हम 2035 तक 200 से अधिक जहाजों वाली नौसेना बनना चाहते हैं, इसलिए हमारे सभी 52 जहाज, जिनका ऑर्डर अभी दिया गया है, भारतीय गोदी में बनाए जा रहे हैं।*

### रोबोट और डेटा वारफेयर ने दी नई दिशा

इसके अलावा रोबोट और डेटा वारफेयर ने भी इन्फैंट्री को नई दिशा दी है। इसकी एक मजबूत तस्वीर खड़गा कोर में देखने को मिलती है। यहां ड्रोन जैसी तकनीक को व्यापक स्तर पर उपयोग में लाया जा चुका है। सेनाध्यक्ष का यह दौरा न केवल कोर की तैयारियों का मूल्यांकन था, बल्कि यह सैनिकों के उत्साहवर्धन और भारतीय थलसेना की सतत आधुनिकीकरण प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

भारत और इजराइल के बीच बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर बोले

# गाजा शांति योजना का समर्थन, आतंक पर 'जीरो टॉलरेंस', दोनों देशों में मजबूत रिश्ता

*जयशंकर ने कहा भारत ने रेल, सड़क, बंदरगाह, स्वास्थ्य और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में नई क्षमताएं विकसित की हैं। हम इजराइल के साथ इन क्षेत्रों में साझेदारी को और गहराई देना चाहते हैं*

- दोनों देश टेक्नोलॉजी, साइबर और एआई में सहयोग करेंगे
- 'एआई इंपैक्ट समिट' में इजराइल की भागीदारी का स्वागत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों ने आतंकवाद, नवाचार, कृषि और वैश्विक शांति जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की। जयशंकर ने कहा भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक साझेदारी का असली अर्थ है- भरोसा, सहयोग और साझा मूल्यों पर आधारित रिश्ता। हमने कठिन समय में एक-दूसरे का साथ दिया है। दोनों देशों के सामने आतंकवाद की समान चुनौती है, इसलिए यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' का दृष्टिकोण अपनाए।

जयशंकर ने गाजा क्षेत्र की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत 'गाजा पीस प्लान' का समर्थन करता है और उम्मीद करता है कि यह एक स्थाई शांति समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने बंधकों की रिहाई और मृतकों के पार्थिव अवशेषों की वापसी का स्वागत भी किया। जयशंकर ने कहा कि भारत और इजराइल के बीच सेमीकंडक्टर और साइबर सुरक्षा में सहयोग का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि भारत अगले साल फरवरी में 'एआई इंपैक्ट समिट' की मेजबानी करेगा और इसमें इजराइल की भागीदारी का स्वागत करेगा।


नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार मुलाकात करते हुए

### श्रमिकों के कल्याण पर होगी चर्चा

जयशंकर ने कहा कि भारत के श्रमिक अब बड़ी संख्या में इजराइल में काम कर रहे हैं और उनके कल्याण से जुड़े मुद्दों पर भी बातचीत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में दोनों देशों को मिलकर कदम बढ़ाने चाहिए। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक परिस्थितियों पर भी विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने कहा कि बहुपक्षीय मंचों पर भारत और इजराइल की साझेदारी बहुत मूल्यवान है।

### पहलगाम हमले की निंदा की

इजराइल के विदेश मंत्री गिडोन सार ने कहा कि कट्टरपंथी आतंकवाद भारत और इजराइल दोनों के लिए साझा खतरा है। उन्होंने पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। सार ने कहा कि इजराइल को लंबे समय से ऐसे आतंकवादी संगठनों से खतरा है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में आतंक के ठिकाने बना लिए हैं।

### शांति के लिए जरूरी है हमास का सफाया

सार ने कहा हमास (गाजा), हिजबुल्लाह (लेबनान) और हौती (यमन) जैसे कट्टर आतंकवादी संगठन हमारे क्षेत्र की स्थिरता और सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती हैं। इन्हें खत्म करना बेहद जरूरी है। हमास को निरस्त्र करना और गाजा को सैन्य रूप से मुक्त करना राष्ट्रपति ट्रंप की योजना का मुख्य हिस्सा है और इस पर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। सार ने कहा कि इजराइल भारत के साथ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के पक्ष में है।

### निवेश और नवाचार पर जोर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच हाल ही में हुआ द्विपक्षीय निवेश समझौता एक अहम कदम है। कृषि, अर्थव्यवस्था, पर्यटन और वित्त से जुड़े इजराइली मंत्री पहले ही भारत का दौरा कर चुके हैं। जयशंकर ने कहा भारत ने रेल, सड़क, बंदरगाह, स्वास्थ्य और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में नई क्षमताएं विकसित की हैं।

### पीएम मोदी के प्रति जताया आभार

इजराइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा हम पीएम नरेंद्र मोदी की मजबूत एकजुटता की सराहना करते हैं। हम याद रखते हैं कि 7 अक्तूबर को हमास के हमले के बाद पीएम मोदी पहले विश्व नेता थे जिन्होंने पीएम नेतन्याहू को फोन किया था। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे।

उग्रवादी और सेना के बीच मुठभेड़

# मणिपुर में सेना की जवाबी कार्रवाई में 4 उग्रवादी ढेर


मणिपुर में सर्च ऑपरेशन करती हुई भारतीय सेना

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम स्थित खनपी गांव में मंगलवार सुबह सेना और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के चार उग्रवादी मारे गए। एक अधिकारी ने बताया कि सेना को यूकेएनए के कुछ उग्रवादियों के क्षेत्र में होने की खबर मिली थी, जिसके बाद खानपी गांव के आसपास सुबह 5.30 बजे अभियान शुरू किया गया। रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। अभियान के दौरान आतंकियों ने सेना के दस्ते पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।

### अशांति के कारण पर्यटक घटे

मणिपुर में मेइती और कुकी-जो समुदाय के बीच दो साल से अधिक समय से जारी जातीय हिंसा के बीच राज्य में पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। एक बयान के अनुसार 2019-2020 में राज्य में जहां 1.79 लाख पर्यटक आए थे वहीं 2024-2025 में यह संख्या घटकर लगभग 17,000 रह गई है। न केवल मणिपुर में अशांति, बल्कि अत्यधिक हवाई किराया भी राज्य में यात्रियों की संख्या में कमी के लिए जिम्मेदार एक कारक है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार सोमवार को इंफाल पहुंचे और विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री के साथ एक बैठक के दौरान राज्य सरकार के अधिकारियों ने उच्च हवाई किराए का मुद्दा उठाया।

**हिंसक घटनाएं कर रहा यूकेएनए:** यूकेएनए एक गैर-एसओओ उग्रवादी संगठन है। हाल के दिनों में इस संगठन की तरफ से कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया, जिनमें एक गांव प्रमुख की हत्या, स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने और क्षेत्र में शांति भंग करने के प्रयास शामिल थे। इसके बाद ही सेना की तरफ से यह कार्रवाई की गई।


जितिन प्रसाद और रोमानिया की विदेश मंत्री ओआना-सिल्विया त्सोइउ

## निवेश और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को मजबूत करने पर दोनों में बनी नई सहमति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-रोमानिया व्यापार समझौता को लेकर दोनों देशों के बीच मंगलवार को बुखारेस्ट में अहम बैठक हुई। इस बैठक में भारत के वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और रोमानिया की विदेश मंत्री ओआना-सिल्विया त्सोइउ शामिल हुईं। दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। बैठक के दौरान तय हुआ कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच चल रही मुक्त व्यापार वार्ताओं को इस वर्ष ही अंतिम रूप देने का लक्ष्य रखा जाएगा। यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोपीय बाजार तक पहुंच आसान करेगा और द्विपक्षीय व्यापार को नई गति देगा।

- **भारत और रोमानिया के बीच व्यापार समझौते को लेकर बैठक**

80 साल का पति, पत्नी से क्रूरता का दोषी

मद्रास हाईकोर्ट ने सजा बरकरार रखी

# शादी पुरुष को पत्नी पर कंट्रोल करने का अधिकार नहीं देती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मद्रास हाईकोर्ट ने कहा है कि भारतीय विवाह प्रणाली को पुरुष वर्चस्ववाद की छाया से निकलकर समानता और आपसी सम्मान के साथ बढ़ना चाहिए। शादी पुरुषों को पत्नी पर निर्विवाद अधिकार नहीं देती। पतियों को महिला के धैर्य को सहमति नहीं समझना चाहिए। जस्टिस एल विक्टोरिया गौरी की बेंच 1965 में विवाहित एक बुजुर्ग दंपती के बीच वैवाहिक विवाद से जुड़े मामले में सुनवाई कर रही थी। याचिका एक महिला ने लगाई थी, जिसके पति को आईपीसी की धारा 498ए के तहत पत्नी के प्रति क्रूरता का दोषी ठहराया गया था।

### निचली अदालत का फैसला रद्द किया

कोर्ट ने 31 अक्टूबर को सुनवाई के बाद 80 साल के शख्स को बरी किए जाने का निचली अदालत का फैसला रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि खराब शादीशुदा जीवन में महिलाओं की बेमतलब की सहनशीलता ने पुरुषों की पीढ़ियों को उन पर कंट्रोल करने और उन्हें अपने अधीन रखने का साहस दिया है। वैवाहिक बंधन अपमान को सही नहीं ठहरा सकता। महिलाओं, खासकर बुजुर्गों के धैर्य को सहमति या मौन स्वीकृति के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। महिला ने कोर्ट में बताया था कि शादीशुदा जीवन के दौरान, उसके पति ने अवैध संबंध बनाए। जब उसने विरोध किया, तो उसने उसके साथ मारपीट और उत्पीड़न किया और उसे झूठे मामले में फंसाकर तलाक लेने की धमकी भी दी।

# द्विपक्षीय 'रक्षा संबंधों' के साथ संचालन क्षमता करेंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के सैन्य सहयोग समूह (एमसीजी) की 22वीं बैठक आयोजित की गई है। 3-4 नवंबर को हवाई में सैन्य सहयोग समूह की बैठक के दौरान भारत और अमेरिका ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (एचक्यू आईडीएस) के मुख्यालय ने मंगलवार को बताया कि बैठक की सह-अध्यक्षता भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड के डिप्टी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जोशुआ एम रुड ने की।


इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय में दोनों देश के सैन्य अधिकारी मिले

'मंथली एयर क्वालिटी स्नैपशॉट' की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

# अक्टूबर में देश का छठा सबसे प्रदूषित शहर रहा दिल्ली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली अक्टूबर माह में वायु प्रदूषण के मामले में देश का छठा सबसे प्रदूषित शहर रही। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र द्वारा जारी 'मंथली एयर क्वालिटी स्नैपशॉट' रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली का औसत पीएम2.5 स्तर 107 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया, जो सितंबर के 36 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के औसत से लगभग तीन गुना अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा का धारूहेड़ा अक्टूबर में देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा, जहां औसत पीएम 2.5 स्तर 123 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज हुआ। यहां 77 प्रतिशत दिनों में वायु गुणवत्ता राष्ट्रीय स्वच्छ वायु मानक से ऊपर रही, जबकि दो दिन 'गंभीर' और नौ दिन 'बहुत खराब' श्रेणी में रहे।

- ***धारूहेड़ा में प्रदूषण स्तर 123 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर***
- ***देश के स्वच्छ शहरों में मेघालय का शिलांग शीर्ष पर***


दिल्ली में प्रदूषण से धुंध में डूबी इमारतें

### हरियाणा का धारूखेड़ा सबसे प्रदूषित शहर

धारूहेड़ा के बाद सबसे प्रदूषित शहरों में रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा, बल्लभगढ़ और उसके बाद दिल्ली का स्थान रहा। शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों की सूची में यूपी और हरियाणा के चार-चार शहर शामिल हैं, जो सभी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

### स्थानीय उत्सर्जन प्रमुख कारण

अध्ययन में यह भी सामने आया कि पराली जलाने से दिल्ली के पीएम2.5 स्तर में केवल छह प्रतिशत से भी कम योगदान रहा। इसके बावजूद प्रदूषण में तेज बढ़ोतरी इस बात की ओर संकेत करती है कि सालभर चलने वाले स्थानीय प्रदूषण स्रोत अधिक जिम्मेदार हैं और केवल मौसमी उपायों जैसे ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) से समस्या का समाधान संभव नहीं है।

### कर्नाटक के चार शहर स्वच्छ शहरों में शामिल

अध्ययन के अनुसार, मेघालय की राजधानी शिलांग अक्तूबर में सबसे स्वच्छ शहर रही, जहां पीएम2.5 का औसत स्तर 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज हुआ। शीर्ष 10 स्वच्छ शहरों में कर्नाटक के चार, तमिलनाडु के तीन और सिक्किम व छत्तीसगढ़ के एक-एक शहर शामिल रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25